# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

साध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 21 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 4 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 17 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पीएसीएस

नैना को सलमान खान के शो में मिली एंट्री ◂◂ 6



ADMISSION OPEN 2024-25

Offline Registration forms available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

near Firayalal Chowk, Opp. Hotel Le Lac, Line Tank Road, Ranchi- 834001

www.jkworldschool.com

8002955059, 7785039282

J.K. WORLD SCHOOL

...school for Special Child

We Offer

SPECIAL EDUCATION
SPEECH THERAPY
BEHAVIOUR THERAPY
PHYSIOTHERAPY
OCCUPATIONAL THERAPY
REMEDIAL INTERVENTION
VOCATIONAL TRAINING
ASSESSMENT & COUNSELLING

Day Care · Sports · Yoga Classes · Computer · Dance & Music · Transportation · Art & Craft

Dr. Shweta Pandey
Incharge Cum Co-ordinator


## विस चुनाव 2024 : जल्द लागू होगी आचार संहिता

# चुनाव आयोग की टीम 23 सितंबर को आयेगी रांची

मेट्रो रेज

**रांची :** राज्य में जल्द ही आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो जायेगी। इसके साथ ही राज्य में आचार संहिता लागू हो जायेगा । इसे लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने 23 सितंबर को भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आयेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे।

**संबंधित तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक:** गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आईजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने व मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी थी।

### पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला




झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी। इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है। पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था। उसी आदेश के आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है। अब संभावना जताई जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जायेगा।

## जम्मू-कश्मीर

### खाई में गिरी बीएसएफ जवानों से भरी बस, चार की मौत, 32 घायल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सीमा सुरक्षा बल की एक बस खाई में गिर जाने से चार जवानों की मौत हो गई और कई जवान घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में चुनाव ड्यूटी के लिए बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस बडगाम जिले में जा रही थी। तभी बस खाई में जा पलटी। जिस कारण चार जवानों की मौत हो गई और 32 जवान घायल हो गए। इसमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को एसडीएच खान साहिब और बडगाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिली है कि बडगाम में ब्रेल वाटरहेल इलाके में बस हादसे का शिकार हुई है। अचानक बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और बस में फंसे जवानों को बाहर निकाला गया। जानकारी मिलते ही आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका

# पूर्व मुख्यमंत्री के तीन करीबियों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**पुणे, एजेंसी :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव से पहले सियासत गरमाने लगी है। चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (को बड़ा झटका लगा है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के बहनोई और पूर्व सांसद भास्करराव पाटील खतगांवकर उनकी बहन डा। मीनल पाटील खतगांवकर और पूर्व विधायक ओम प्रकाश पोकर्णा ने भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोल ने कहा कि भासकरराव बिना किसी



पद के लालच के ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस तरह के जमीनी कार्यकर्ता के स्वागत से उन्हें खुशी हो रही है। नाना पटोले ने कहा कि नांदेड़ में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कांग्रेस से निकलकर बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस अशोक चव्हाण पर हमलावर नहीं हुई थी। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने अशोक चव्हाण को जवाब देने के लिए यह तरीका निकाला है। ऐसे में कांग्रेस ने परिवार में ही सेंध लगा दी। मीनल पाटिल खतगांवकर ने लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी से टिकट मांगा था। हालांकि बीजेपी ने पूर्व सांसद प्रताप पाटिल चिखलीकर को ही टिकट दिया था। ऐसे में वह बीजेपी से असंतुष्ट थीं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला। बता दें कि नांदेड़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद रहे वसंत चव्हाण के निधन के बाद उपचुनाव होने हैं।

## वडोदरा में रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़, ट्रेन पलटाने की कोशिश नाकाम

# पटरियों पर रखा फिश प्लेट और चाबियां

**वडोदरा, एजेंसी :** गुजरात में एक बार फिर ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची गई, जिसे रेलवे स्टाफ की सतर्कता की वजह से नाकाम कर दिया गया है। सूरत के पास वडोदरा में रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ की गई। पश्चिम रेलवे, वडोदरा डिवीजन ने शनिवार को इसका एक वीडियो जारी कर बताया कि किसी अज्ञात शख्स ने किम रेलवे स्टेशन के पास यूपी लाइन ट्रैक से फिश प्लेट और कुछ चाबियां खोलकर उसी ट्रैक पर रख दीं, जिसके बाद ट्रेन की आवाजाही रोक दी गई। हालांकि, जल्दी ही लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू हो गई। शुक्रवार को देहरादून से काठगोदाम जा रही नैनी-दून जनशताब्दी ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई। बता दें कुछ आपराधिक तत्वों ने ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश कर रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल रख दिया था, लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल



गया। इससे पहले शुक्रवार को पंडित दीन दयाल रेल मंडल अंतर्गत आरा-सासाराम रेलखंड पर चरपोखरी हाल्ट के पास रेलवे के कई स्लीपर क्षतिग्रस्त दिखे। मुजफ्फरपुर में गुरुवार की देर शाम मालगाड़ी की चार बोगी पटरी से उतर गई। इसी दिन आगरा से दिल्ली जा रही कोयला लदी मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें पांच डिब्बे पलटकर अप रूट पर गिर गए। इससे दोनों ओर का रेल ट्रैक पूरी तरह बाधित हो गया।

## धारावी में मस्जिद का अवैध हिस्सा तोड़ने को लेकर बवाल

**मुंबई :** मुंबई के धारावी में महबूब-ए-सुबानिया मस्जिद के अवैध पार्ट को तोड़ने को लेकर तनाव फैल गया है। मस्जिद पर कार्रवाई को लेकर बीएमसी के अधिकारियों के पहुंचने के बाद भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। दरअसल, बीएमसी की टीम अवैध हिस्से को तोड़ने पहुंची थी, लेकिन भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। लोग रास्ते पर बैठकर आंदोलन कर रहे हैं। कार्रवाई करने पहुंची नगर पालिका की गाड़ी सहित कुछ अन्य गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की है। हालात को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिसवालों को तैनात किया गया है।

## भागलपुर के 100 से अधिक सरकारी स्कूलों में घुसा बाढ़ का पानी

# विश्वविद्यालय भी हुआ जलमग्न

एजेंसी

**भागलपुर :** बिहार में बाढ़ से कई जिलों के हालात बिगड़ गए हैं। गंगा के जलस्तर में वृद्धि से भागलपुर जिले के 11 प्रखंडों के 105 सरकारी विद्यालय जलमग्न हो गये हैं। इन विद्यालयों में पठन-पाठन लगभग ठप हो गया है। शिक्षकों ने बताया कि 19 सितंबर तक 16 स्कूल बाढ़ से प्रभावित थे। 20 सितंबर को 89 अन्य विद्यालय बाढ़ की चपेट में आ गये। बाढ़ का पानी स्कूलों में घुस गया है जिससे पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही अर्धवार्षिक मूल्यांकन का काम भी रूक गया।

**भागलपुर के 105 स्कूल जलमग्न, स्कूलों में घुसा पनी**

शिक्षा विभाग के अनुसार भागलपुर के नाथनगर प्रखंड के सर्वाधिक 28 विद्यालय, गोपालपुर के 15, कहलगांव के दो, सबौर के 12, रंगरा चौक के 11, सुल्तानगंज के 10, नगर निगम के चार शाहकुंड के दो, इस्माइलपुर के 10 नारायणपुर के 10 समेत पीरपैंती का एक स्कूल में पानी घुस गया है। प्रारंभिक से उच्च विद्यालय तक में पढ़ाई प्रभावित है। जिला शिक्षा कार्यालय के कंट्रोल रूम के अनुसार शुक्रवार को तीन दर्जन से अधिक स्कूलों में अर्धवार्षिक मूल्यांकन नहीं हुआ।

इधर, खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा नदी के उफान से तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) परिसर की स्थिति शुक्रवार को और भी भयावह हो गयी। जलस्तर में शुक्रवार सुबह से तेज वृद्धि हुई। विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन, लालबाग स्थित पीजी गर्ल्स छात्रावास और प्रोफेसर क्वार्टर परिसर में बाढ़ का पानी घुस गया।



### टीएमबीयू परिसर जलमग्न, हॉस्टल खाली कर रही छात्राएं

टीएमबीयू और लालबाग परिसर जलमग्न होने से लालबाग स्थित महिला छात्रावासों से छात्राओं को बाहर निकाला गया। छात्राएं व शिक्षक समेत अन्य लोग कमर व घुटने भर पानी में चलकर बाहर निकल रहे थे। ओबीसी महिला छात्रावास में पानी लबालब भरा हुआ है। कुलपति ने छात्राओं को हॉस्टल से निकालने के लिए तुरंत इंजीनियरों को निर्देश दिये। रेस्क्यू के लिए तीन ट्रैक्टर और नाव का सहारा लिया गया। सभी छात्राओं को हॉस्टल खाली करने को कहा गया।


NATIONAL HEALTH MISSION · स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 21 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
में परिवार नियोजन की सेवाएं

अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक-युवती

गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

''विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान !''

परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी · महिला बंध्याकरण

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए · आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली · गर्भ निरोधक गोलियाँ · कॉपर 375 380 A · कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

104 · 108

PR 336260 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

न्यूज ब्रीफ

## रांची जिला किक बॉक्सिंग टीम धनबाद रवाना



**रांची:** झारखंड ओपन दो दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए रांची की 17 सदस्य टीम धनबाद के लिए रवाना हुई । प्रतियोगिता 21 से 22 सितंबर तक धनबाद के गोविंदपुर स्थित केके पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित होनी है। रांची से टीम कोच कमल किशोर कच्छप रांची जिला के महासचिव गुलाम जावेद, सिंटू कुमार,काजल कुमारी,रूपेश कुमार महतो,यशराज कश्याप,कोमल सलोनी लकड़ा, मोहित कुमार,रिधिमा,रजनी कुमारी,आयुष कुमार, अनुज कुमार, सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रांची:** यूथ इंटक के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेश पाठक बाबा की अध्यक्षता में उनके गुरुजी स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की आठवीं पुण्यतिथि पर रांची रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रांची रेलवे स्टेशन परिसर में अपने साफ सफाई कर्मचारी यूनियन में काम कर रहे मजदूरों को भोजन का पैकेट दिया गया। साथ में उन्होंने अपने नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया । श्री पाठक ने कहा गुरु जी की आठवीं पुण्यतिथि पर यह विश्वास नहीं होता कि हम लोगों के बीच अब नहीं है उनके बताए हुए मार्ग पर चलना हर वर्ग के मजदूरों की आवाज बनना ही संकल्प के साथ वह निरंतर गुरु जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे हैं मौके पर मुख्य रूप से दहेज मुक्त झारखंड के नितेश पाठक मक्खन बादल कुमार झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैंकी सिंह भारद्वाज मुकेश कुमार सिंह विकेश कुमार अनुज कुमार मोहन पाल आयुष कुमार, रवि श्रीवास्तव,शुभम गिरी, चंदन साव,कुनाल भोक्ता व अन्य उपस्थित थे।

## रीमिक्स जलप्रपात में डूबने से किशोर की मौत

**रांची/खूंटी:** खूंटी के मारंगहादा थानांतर्गत रीमिक्स जल प्रपात में किशोर के डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हेहल रांची निवासी सुरेश कच्छप के 17 वर्षीय पुत्र लकी मनी कच्छप के रूप में हुई है। लकीमनी कच्छप गुरुवार को अपने चार अन्य दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आया था। रीमिक्स फॉल में सभी दोस्त नहाने लगे। इसी दौरान लकी का पैर फिसल गया और वह फॉल के गहरे पानी में जाकर डूब गया। सूचना मिलने पर मारंगहादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से देर शाम उसके शव को फॉल के गहरे पानी से ढूंढ कर बाहर निकाला गया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल खूंटी में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## मंदिर के पास मिला युवक का शव, सनसनी

**धनबाद:** धनसार थाना के ठीक पास में मंदिर के बगल में एक शव पड़ा हुआ है। जिस पर किसी ने पीतांबरी ओढ़ा दिया है। आसपास के लोग यह नहीं बता पा रहे हैं कि किसने शव को यहां पर फेंक दिया है। यह मामला ठीक धनसर थाने के पास का है, लेकिन पुलिस कहीं नजर नहीं आ रही है। वहीं अज्ञात व्यक्ति कहां से आया, क्या हुआ, इसकी कोई जानकारी वहां नहीं मिल पा रही है।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक की मौत

**लातेहार:** बरवाडीह थाना क्षेत्र में विभिन्न मार्गों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक सवार घायल हो गये। घायलों में एक की मेदिनीनगर जाने के क्रम में मौत हो गयी। जबकि दो की हालत काफी नाजूक है। पहला हादसा बरवाडीह-कुटमू मेन सड़क पर कुल्ही नाला के समीप हुई। यहां एक बाइक पर दो लोग सवार होकर डालटनगंज की ओर जा रहे थे। बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक अचानक अनियंत्रित हो कर दुर्घटनागस्त हो गयी। स्थानीय लोगों ने दो बाइक सवारों को एंबुलेंस बुला कर घायल इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायलों में भारदूल भुइंया और लालमुनि भुइंया शामिल हैं। दोनों पलामू के छेचनी निवासी है। अस्पताल में इन दोनो घायलों का इलाज चल ही रहा था कि एक अन्य दुर्घटना में घायल दो बाइक सवारों को वहां लाया गया।कुटमू- महुआडांड़ मेन रोड अखरा के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। जिसमे दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में रवींद्र सिंह, महुआडांड़ और धनेश्वर भुइंया, पीढ़े का नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज डॉ क्षितिज के द्वारा कर तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल रवींद्र सिंह को डालटनगंज लेकर जाने के क्रम रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक रवींद्र सिंह का बरवाडीह के ग्राम गढ़वाटांड़ में ससुराल है।

## लातेहार डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**लातेहार** : झारखंड के 823 केंद्रों पर झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) की परीक्षा हो रही है। लातेहार में भी 18 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा चल रही है। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने शनिवार को गांधी इंटर कॉलेज, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय सहित जिला मुख्यालय के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों और उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित व अनुपस्थिति बच्चों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाये गये सीसीटीवी कैमरों आदि का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तीन पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर केंद्रों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिये गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार समेत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

जेजीजीएलसीसीई के मद्देनजर लिया फैसला

# झारखंड में 21-22 सितंबर को बंद रहेगी मोबाइल इंटरनेट सेवा




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके मद्देनजर राज्य में दो दिन मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। यह फैसला आगामी परीक्षा के आयोजन के मद्देनजर लिया गया है।

झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) के मद्देनजर परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए 21 और 22 सितंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 1।30 बजे तक पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी।

असम में 15 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया था: इससे पहले असम में 15 सितंबर (रविवार) को मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया था। सरकार ने पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित करने का आदेश दिया था। दरअसल, राज्य में आज ग्रेड-3 पदों पर भर्ती परीक्षा होनी थी। इस दौरान किसी भी गड़बड़ी या पेपर लीक जैसी आशंकाओं के मद्देनजर हिमंत बिस्व सरमा सरकार ने यह फैसला किया था। असम सरकार ने ग्रेड 3 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के दौरान 15 सितंबर को सुबह 10 बजे से साढ़े तीन घंटे के लिए पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया था।

फैसले की पीछे की वजह

मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि लिखित परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए। केवल योग्यता के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जा सके और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। परीक्षा के दौरान कुछ गलत तत्व फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स (ट्विटर), टेलीग्राम और यूट्यूब आदि जैसे विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके धांधली की साजिश रचते हैं। यह सेवाएं इंटरनेट, वाई-फाई कनेक्टिविटी पर आधारित होती हैं। ऐसे में मोबइल इंटरनेट पर लगाम लगाकर उनके मंसबों को नाकामयाब किया जा सकता है।

## जेएसएससी परीक्षा के लिए रांची से पटना और भागलपुर के बीच चलेंगी ट्रेनें

**हाजीपुर :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर रांची से भागलपुर और रांची से पटना के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

1- 08626/08625 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल- गाड़ी सं 08626 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 21 सितंबर 2024 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं। 08625 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया और जहानाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे।

2- 08624/08623 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल- गाड़ी सं। 08624 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 22 सितंबर 2024 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं। 08623 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 23 सितंबर को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया और जहानाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का एक, शयनयान श्रेणी के 13 और साधारण श्रेणी के चार कोच होंगे।

- 08601/08602 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल- गाड़ी सं। 08601 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 21 सितंबर 2024 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं। 08602 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी। अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किऊल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में प्रथम-सह-द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का एक, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का एक, शयनयान श्रेणी के चार और साधारण श्रेणी के पांच कोच होंगे।

4- 08603/08604 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल- गाड़ी सं। 08603 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 22 सितंबर 2024 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं। 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 23 सितंबर को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी। अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का एक, शयनयान श्रेणी के छह और साधारण श्रेणी के छह कोच होंगे।

## पश्चिम बंगाल सरकार ने किया झारखंड बॉर्डर सील भड़के हिमंता बिस्वा सरमा, सरकार पर लगाया बड़ा आरोप



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार शाम डिब्रूगढ़ चेक पोस्ट को सील कर दिया, जिससे झारखंड से एनएच-19 पर बराकर ब्रिज से मैथन तक भारी वाहनों की कतार लग गई। जानकारी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतरराज्यीय सीमा को तीन दिनों के लिए सील करने का आदेश दिया है। ममता ने शुक्रवार को झारखंड सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) झारखंड को बचाने के लिए अपने बांध से पानी छोड़ रहा है, जिसके बाद से राज्य में बाढ़ जैसी स्थिति बढ़ गई है।

अब इसी को लेकर भाजपा के हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड सरकार और ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि बंगाल सरकार की विफलता के कारण बंगाल के लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। लेकिन मुझे आश्चर्य है कि ममता दीदी अपना गुस्सा अपने अधिकारियों पर नहीं, बल्कि झारखंड की जनता पर निकाल रही हैं। वह राज्य की सीमा को अवरुद्ध कर झारखंड के लोगों को सबक सिखा रही है और झारखंड के मुख्यमंत्री चुप हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार भी कह चुकी है कि बंगाल में आई बाढ़ के लिए झारखंड दोषी नहीं है।

असम सीएम ने कहा कि यह मामला किसी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है, यह झारखंड की जनता के सम्मान का मामला है। लेकिन झामुमो ने चुप्पी साध ली है क्योंकि उनके लिए राजनीति का कर्तव्य राज्य के कर्तव्य से बड़ा है। झारखंड की जनता को सोचना चाहिए कि क्या आपको ऐसी पार्टी को फिर से मौका देना चाहिए जो अपने राज्य की गरिमा की रक्षा करने में असमर्थ है? आपको बता दें कि बंगाल सरकार की इस कार्रवाई पर झारखंड के अधिकारी हैरानी जताते हुए इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। सरकारी सूत्रों ने दावा किया कि वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है, लेकिन मामला अभी तक सुलझा नहीं है।

## चितरपुर में निर्माण कार्य का शिलान्यास



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधानसभा अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा व चितरपुर उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को विधायक मद से लगभग 20 लाख की लागत से बनने वाला पीसीसी पथ, नाली व चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान सुकरीगढ़ा कुसमाही टुंगरी में गुहिल महतो के घर से पन्नू रजक के घर तक पीसीसी पथ, चितरपुर उत्तरी के तहसील कार्यालय में चहारदीवारी निर्माण कार्य व कपरकट्टा टांड़ में मनेश्वर पोद्दार के घर से सचिन पासवान के घर तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किया गया। मौके पर सीओ दीपक मिंज, समाजसेवी पवन दांगी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, कार्यकारिणी अध्यक्ष भानु प्रकाश महतो, मलेश्वर नायक, आशु देवी, निरंजन प्रसाद, अनुराग भारद्वाज, राजू गिरी, रमेश वर्मा, अजय बंगाली, पंचम दांगी, अजित सोनी, सुधीर सोनी, मनीता देवी, नीतू कुशवाहा, संगीता देवी, विनीता देवी सहित कई मौजूद थे।

चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की नयी कमिटी का गठन

## रमेश सिंह अध्यक्ष व रामानन्द ठाकुर महासचिव मनोनीत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा सर्वसम्मति से पुरानी कमिटि को भंग कर वर्ष 2024 की नयी कमिटि की घोषणा की गयी।

बैठक की अध्यक्षता जैनेन्द्र प्रसाद ने की। 2024 की नई कमिटि इस प्रकार है

मुख्य संरक्षक : पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार- बाबूलाल मरांडी

-राज्य सभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा झारखंड: दीपक प्रकाश

-राज्य रक्षा मंत्री भारत सरकार: संजय सेठ

- पूर्व उप मुख्यमंत्री झारखण्ड सह विधायक सिल्ली : सुदेश कुमार महतो

- राष्ट्रीय मंत्री भाजपा सह अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य :आशा लकड़ा

- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री सह विधायक रांची: सीपी सिंह

-राज्य सभा सांसद भारत सरकार : आदित्य साहु

- राज्य सभा सांसद भारत सरकार :प्रदीप बर्मा

- संस्थापक सदस्य चंद्रशेखर आजाद: दुर्गा पूजा जैनेन्द्र प्रसाद

संरक्षक:- संदीप बर्मन,डॉ राजेश गुप्ता,सतीश गोप ,विनय कुमार सिंह ,कमलेश कुमार अरोरा,अशोक यादव ,डॉ मिंटू चौबे ,विजय सिंह ,दिलीप गुप्ता, चेतलाल रामदास , मनोज कुमार सिंह ,मनमोहन शर्मा



अध्यक्ष : रमेश सिंह

कार्यकारी अध्यक्ष - राजू वर्मा

वरीय उपाध्यक्ष : ओम प्रकाश वर्मा मुन्ना चौरसिया ,प्रदीप बर्मन,बबलू वर्मा ,संतोष आदित्य ,महावीर सिंह

उपाध्यक्ष: कृष्णा साव,सुमित कुमार सिंह ,संदीप सिंह ,विकाश वर्मा , रमेश कुमार काजू ,दीपक कुमार वर्मा ,सूरज प्रकाश ,दिलीप सिंह

नीरज वर्मा ,बिक्कू सिंह ,निर्मल शर्मा ,सोनू दुबे ,विनय राज ,किशोर श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र शर्मा ,आशीष चंद्रा ,भूपेंद्र सिंह

महासचिव : रामानंद ठाकुर

कार्यकारी सचिव : हरीश कुमार

संयुक्त सचिव : अनीश गुप्ता ,वेदांत कौस्तव,नीतीश सिंह ,सुमित लोहरा ,चेतन प्रकाश ,अजीत कुमार ,गोलू ,रवि वर्मा ,अभिषेक पाठक ,सुनील वर्मा ,राजेश चौधरी

सुनील साहु ,प्रदीप वर्मा ,संजय गुप्ता ,अमन जायसवाल,शुभम मोदी

कोषाध्यक्ष : जयप्रकाश वर्मा

सह - कोषाध्यक्ष : ओम वर्मा,बिक्की वर्मा

पूजा प्रभारी: प्रदीप बर्मन,बिनोद कुमार सिंह, अरुण रॉय

पंडाल प्रभारी: रमेश कुमार काजू, धर्मेंद्र शर्मा, शुभम मोदी महेश बर्मा,

सत्यजीत ग्यून, रोहन, प्रशांत कुमार, हर्ष कुमार, बन्नू

वीरन ,नमन भारतीय, सत्यम वर्मा, प्रिंस वर्मा, राजन लोहार अशुं रजक, रोशन र्वमा, रीशु गुप्ता , आयुष गुप्ता

मीडिया प्रभारी : अभिषेक कुमार पाठक ,सूरज प्रकाश,

कार्यकारिणी सदस्य:शुभम सिंह ,,विवेक सिंह ,विशाल जोशी ,राज कुमार ,अजय ,शान कुजूर,आशीष

सोनू,नीरज सिंह,अमित चौधरी ,अभय कुमार ,संतु गोस्वामी

महावीर विश्वकर्मा ,निखिल शर्मा

अंकित शर्मा ,आयुष राज वर्मा ,अनिल सिंह , गोल्डी सिन्हा,अंकित वर्मा, बजरंग, राहुल वर्मा, राहुल लोहरा,जितेंद्र,प्रशांत, रोहित सिंह,अंकित उपाध्याय

विशेष आमंत्रित सदस्य :-

बबलू मुंडा,प्रवीण जयसवाल,सबलू मुंडा ,आनंद वर्मा,सतीश चंद्रा,रवि मुंडा

कानूनी सलाहकार : विनोद सिंह

लक्की कूपन प्रभारी : सुमित लोहरा, अमित कुमार, हर्ष कुमार, सागर बर्मा।

एड प्रभारी एवं स्टॉल प्रभारी दीपक बर्मा बबलू बर्मा रमेश काजू।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा : कड़ी सुरक्षा के बीच राज्य के 823 केंद्रों पर परीक्षा जारी

मेंट्रो रेज

**रांची :** राज्य में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को झारखंड सामान्य स्नात्तक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हो गयी है। सीजीएल परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गयी है। साथ ही दंडाधिकारी भी तैनात है। इधर अभ्यर्थी सुबह 5:30 से ही केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गये थे। कड़ी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर दाखिल कराया गया। 21-22 सितंबर को झारखंड में 5 घंटे बंद रहेगी इंटरनेट सेवाः झारखंड सरकार ने जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा निष्पक्ष और कदाचार मुक्त कराने को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में 21 और 22 सितंबर को सुबह 8 बजे से लेकर 1:30 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। गृह विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार की देर रात आदेश जारी कर दिया गया था।आदेश की कॉपी में इस बात की जिक्र की गयी है कि 21 और 22 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में 823 परीक्षा केंद्रों पर करीब 6 लाख 40 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जरिये राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों के लिए महत्वपूर्ण रिक्त पद भरे जाने हैं। लिहाजा राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि यह परीक्षा निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संपन्न हो।



### इन पदों पर होनी है नियुक्ति

| | | |
|---|---|---|
| सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | : | 863 |
| कनीय सचिवालय सहायक | : | 335 |
| प्लानिंग असिस्टेंट | : | 05 |
| श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी | : | 182 |
| बैकलॉग पद -कनीय सचिवालय सहायक | : | 08 |
| प्रखंड कल्याण पदाधिकारी | : | 195 |
| प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी | : | 252 |
| अंचल निरीक्षक | : | 185 |

### तीन पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

बता दें कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने वाली जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में हो रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ से साढ़े दस बजे तक होगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा 11:30 से 1:30 और तीसरी पाली की परीक्षा तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। यह परीक्षा इससे पहले भी आयोजित की गयी है। 28 जनवरी को परीक्षा का आयोजन भी किया गया था। लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के कारण इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। वहीं 4 फरवरी को होनी वाली परीक्षा को स्थगित कर दी गयी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने किया झारखंड इकाई में चुनाव समितियों का गठन

**रांची:** झारखंड में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस ने राज्य इकाई में प्रदेश चुनाव समिति, प्रचार समिति और घोषणापत्र समिति का गठन किया। राज्य इकाई के प्रमुख केशव महतो कमलेश को प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि बंधु टिर्की को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और सुबोधकांत सहाय को प्रचार समिति का नेतृत्व सौंपा गया। कमलेश 31 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का नेतृत्व करेंगे जिसमें अजय कुमार, रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, पी के बालुमूचु और प्रणव झा जैसे नेता शामिल हैं। सभी विधायक और प्रदेश कांग्रेस के सभी मोर्चों के प्रमुख चुनाव समिति के पदेन सदस्य होंगे। टिर्की 25 सदस्यीय घोषणापत्र समिति का नेतृत्व करेंगे जिसमें बन्ना गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता और रवींद्र झा जैसे लोग शामिल होंगे। सहाय की अध्यक्षता वाली प्रचार समिति में रामेश्वर ओरांव, अजय कुमार, राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम और प्रणव झा सहित अन्य शामिल हैं। झारखंड में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

### देश की एकता व अखंडता कांग्रेस का मूल मंत्रः केशव कमलेश

**रांची:** संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दुमका एवं गोड्डा जिला के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इससे पूर्व उन्होंने जरमुंडी प्रखंड के सिमरिया दीयालपुर पंचायत में मृतक प्रवासी मजदूर मनोज मांझी के परिवारजनों से मिल कर उन्हें दिलासा दी तथा आर्थिक मदद भी की। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मौके पर ही दूरभाष से बात कर मृतक के परिवार जनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर देश के औद्योगिक और आर्थिक तरक्की के विस्तार में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश की एकता और अखंडता ही कांग्रेस का मूल मंत्र है और इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व शहीद हो गया। कांग्रेस लोकतंत्र, समाजवाद,धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखती है कांग्रेस के कार्यकताओं-नेताओं में पदलोलुपता नहीं होती है। कमलेश ने कहा कि इसका उदाहरण है कि एक क्षण में सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद भी अस्वीकार कर दिया। प्रखंड अध्यक्ष,जिला पदाधिकारीयों से संगठन के लिए सकारात्मक विचार आए हैं उस पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में आपके क्षेत्र से जो भी उम्मीदवार हो उसे विजयी बनाकर अपनी मजबूती दिखाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को साथ बैठकर घुसपैठ पर विचार करना चाहिए क्योंकि सीमाओं की सुरक्षा केंद्र का मसला है राज्य सरकार इसके लिए उत्तरदायी नहीं है। मौके पर पूर्व सांसद डॉ प्रदीप बलमुचू , पूर्व मंत्री बादल, सुल्तान अहमद, मदन महतो, श्यामल किशोर सिंह, रवींद्र वर्मा, डॉ सुशील मरांडी, नरेश वर्मा, सतीश केडिया, एनुल हक, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज,परवेज आलम, सुधीर चंद्रवंशी, सुरजीत नागवाला, दीपक गुप्ता, रवि केशरी,जिला अध्यक्ष महेश चन्द्रवंशी , जिला पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड अध्यक्ष, अग्रणी संगठन जिला अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### राहुल गांधी पर फूटा सिखों का गुस्सा काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**रांची:** सिख समुदाय के खिलाफ विदेश में दुष्प्रचार करने वाले कांगेस नेता राहुल गांधी माफी मांगो को लेकर रांची के सिख समुदायों का गुस्सा फूटा। लोगों ने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। कांग्रेस सिख विरोधी है। भारत का भी अपमान किया गया है। आज सिख समुदाय के लोग पगड़ी, कृणाल और कड़ा शान से पहन रहे हैं। यह पहनावा पर राहुल गांधी को बोलने का कोई हक नहीं है। इससे पहले रांची के सिख समुदायों ने जिला स्कूल में एकजुट हुए। यहां से पैदल मार्च शुरू किया, जो अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा। जुलूस सभा में तब्दील हो गया। विरोध करने वालों के हाथो में तिरंगा झंडा और तख्तिया थीं। इसमें 1984 के सिख नरसंहार पर जवाब दो, सिखों का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, राहुल गांधी माफी मांगो जैसे नारे लिखे हुए थे। गुरुद्वारा संघ के अध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने कहा कि भारत से लेकर विदेशों तक में सिखो का सम्मान होता है। देश का नाम रौशन करने के बजाय विदेश में राहुल गांधी भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ में अन्य समुदायों को भी आगे आना चाहिए। मौके पर राजेंद्र सिंह, रुपेद्र सिंह, मस्तान सिंह, गुरुविंदर सिंह सेठी, पूनम आनंद, रुबल, हरविंदर बेदी, पाली साहनी, पम्मी बगाह, संदीप नागपाल, गगनदीप सिंह, रंजीत सिंह, नवजोत सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### रिसालदार बाबा के दर पर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, की चादरपोशी



**रांची:** डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दरगाह पर उर्स के दूसरे दिन आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाबा के दर पर शाम 7.15 बजे हाजिरी देने पहुंचे। उन्होंने रिसालदार बाबा के दर पर चादरपोशी की। इस अवसर पर उनके साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान मौजूद थे। उन्होंने बाबा के दर पर देश व राज्य की खुशहाली, अमन चैन, एकता शांति और तरक्की की दुआ की। दरगाह कमेटी के सदस्य सरफराज कुरैशी ने कहा कि दरगाह कमेटी की ओर से राज्य के सीएम से एक बार फिर से 23 सितंबर को उर्स के मौके पर शिरकत करने का आग्रह किया, कमेटी के पदधारियों ने गुजारिश की कि आप आज आ गये बहुत अच्छा लगा। 23 को एक बार और आ जायें और कव्वाली मंच का उद्घाटन करें तो बड़ा उपकार होगा। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा के दर पर हर आने वाले की फरियाद पूरी होती है। रिसालदार बाबा सभी के सहारा हैं, यहां तो हर हाल में आना ही है, ऐसे तो कई कार्यक्रम में जाना है, लेकिन हम बाबा के दर पर फिर आयेंगे।

#### हेमंत सोरेन ने किया झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद

## मंईयां सम्मान यात्रा निकालेगा जेएमएम, कल्पना करेंगी नेतृत्व

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन की पत्नी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की विधायक कल्पना सोरेन को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के परिवर्तन यात्रा के जवाब में जेएमएम अगले सप्ताह से मंईयां सम्मान यात्रा निकालेगा। इसका नेतृत्व कल्पना सोरेन करेंगी।

**झारखंड में मंईयां सम्मान यात्रा निकालेगा जेएमएमः** कार्यक्रम के तहत झामुमो महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सभी विधानसभा में जाकर मंईयां सम्मान यात्रा निकालेंगी। संभवतः अगले सप्ताह से इस यात्रा की शुरूआत हो सकतीहै। यह जानकारी सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने पत्रकारों को दी। वह रांची के सोहराय भवन में आयोजित झामुमो कोल्हान प्रमंडल व पलामू प्रमंडल के जिला पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि बैठक में इस यात्रा पर सहमति बनी है।

**हेमंत सोरेन ने किया झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनादः** बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यकताओं में जोश भरा। उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा-झारखंड की वीर और क्रांतिकारी माटी में भाजपा के राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। हमें मिलकर भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब देना है। भाजपा के झूठ, फरेब और समाज को तोड़नेवाले षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देना है।

**झामुमो ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब दियाः** हेमंत सोरेन ने कहा कि इन्हें याद दिलाना है कि जब-जब झारखंड को झुकाने का प्रयास किया गया है, तब-तब अपने वीर पुरखों की शहादत, आदरणीय दिशोम गुरुजी और उनके असंख्य क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब दिया है।



**वक्त आ गया है, जेएमएम कार्यकर्ता कमर की पेटी बांध लें:** सीएम ने कहा कि साढ़े चार वर्ष में अबुआ सरकार ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देते हुए, एजेंसियों से लड़ते हुए, हर वर्ग को अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा है। आप सभी से अपील है कि भाजपा के इन षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए कमर की पेटी बांध लीजिए। वक्त आ गया है।

**भाजपा को राज्य की जनता ही निपटा देगी:** पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में पार्टी के कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं। राय ली जा रही है। कार्यक्रम का नाम क्या होगा, कहां तक होगा, इस पर राय ली गयी है। अच्छे सुझाव आये हैं। जल्द ही राज्य के 24 जिलों और 81 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी का कार्यक्रम शुरू होगा।

**भाजपा को गुमान है, तो विकास के नाम पर चुनाव लड़कर दिखाए:** भाजपा को बहुत जल्द ही राज्य की जनता ही निपटा देगी। भाजपा को गुमान है, तो विकास के नाम पर चुनाव लड़ कर दिखाये। उन्हें समझ आ जायेगा कि वे कितने पानी में हैं। कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुवा, कोल्हान और पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के विधायक व जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 07 / 2024-25

1. विभाग का नाम - पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता - कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय - 28/09/2024 के अपराह्न 3.30 बजे तक(छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय - 29/09/2024 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय - 29/09/2024 के अपराह्न 4.30 बजे
निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान - 1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2)अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला
6. निविदा प्राप्ति का स्थान - कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्हा | Millet and Pulses परियोजना हेतु जिला परिषद डाक बंगला सेन्हा में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का कार्य | 6,08,613.00 | 12,200.00 | 1,250.00 | 02 months |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
PR 336246 Lohardaga(24-25).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं0 : 834001
ई-मेल: eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-RCD/RANCHI(GRAMIN)-11/2024-25 Dt. 20.09.24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,रॉंची(ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- 26.09.2024 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 27.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 27.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः- (i) मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0-2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, रॉंची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रॉंची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची(ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | चंदनडीह-सोनाहातु पथ में साधारण मरम्मति कार्य। (रोड फर्नीचर एवं क्रैश बैरियर सहित) | 30.00 | 60000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 2 | राहे-सीता फॉल पथ के 8वें कि0मी0 में नाली निर्माण कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 3 | बुंडू-सोनाहातु-जामुदाग-जरिया मिसिंग लिंक पथ के 5वें कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण कार्य वर्ष 2024-25 | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 4 | पथ प्रमंडल, रांची (ग्रामीण) के प्रमंडलीय कार्यालय का विशेष मरम्मति कार्य। (साज-सज्जा आपूर्ति सहित) | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 दिन |
| 5 | पथ प्रमंडल, रॉंची (ग्रामीण) अंतर्गत रांची-मुरी पथ पर 8 अदद् बस शेल्टर निर्माण कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 6 | पथ प्रमंडल, रॉंची (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न पथों में रोड फर्निचर कार्य। | 45.00 | 90000.00 | 5000.00 | 30 दिन |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, रॉंची(ग्रामीण)।
PR 336390 Road(24-25)D



ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉंची।

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/61/2024-25 दिनांक- 18/09/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए0 जी0 मोड़ डोरण्डा, रॉंची स्थित न्यायाधीश आवास सं0-06 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 17,84,988-00 | 5,000-00 | 36,000-00 | 28 दिन |
| 2. | व्यवहार न्यायालय, चतरा के द्वितीय तल्ले में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 33,18,860-00 | 5,000-00 | 67,000-00 | 35 दिन |
| 3. | व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के विभिन्न कोर्ट रूम एवं जज चैम्बर में ए0 सी0 वायरिंग के अतिरिक्त कार्य। | 11,34,398-00 | 2,500-00 | 24,000-00 | 28 दिन |
| 4. | दिनदयाल नगर, मोराबादी, रॉंची स्थित JCSIO (IAS Club) में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 14,99,570-00 | 2,500-00 | 30,000-0 | 28 दिन |
| 5. | आड्रे हाउस, रॉंची के समीप स्थित सूचना भवन के परिसर में बाहरी लाईटों के विशेष मरम्मति का कार्य। | 15,57,723-00 | 5,000-00 | 32,000-00 | 28 दिन |
| 6. | मेकॉन चौक डोरण्डा, रॉंची के समीप स्थित आई0 जी0 आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं बगीचा लाईट के अतिरिक्त कार्य। | 11,63,758-00 | 2,500-00 | 24,000-00 | 28 दिन |
| 7. | हिनू, रॉंची स्थित आवास सं0 A6, A7, A10 आवास सं0 B6/6, नेपाल हाउस के पिछे स्थित ऑफिसर्स फ्लैट सं0 D10/12, D10/18 में विद्युत अधिष्ठापन विशेष मरम्मति एवं बंगला सं0 A1 कुसई कॉलोनी एवं बंगला नं0 4 डोरण्डा रॉंची में सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 10,74,168-00 | 2,500-00 | 22,000-00 | 28 दिन |
| 8. | व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं अतिरिक्त कार्य एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 21,23,685-00 | 5,000-00 | 43,000-00 | 35 दिन |
| 9. | धुर्वा रॉंची स्थित DGP आवास सं0 F18 के सर्विस केबल, चेंजओवर, मेन स्वीच, पंखा, बगीचा लाईट गेट लाईट के बदलीकरण एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन एवं बैरक, अतिरिक्त रूम में इन्वर्टर वायरिंग का कार्य एवं आवास सं0 F17 सेक्टर 3 में बगीचा लाईट एवं गेट लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 10,00,387-00 | 2,500-00 | 21,000-00 | 28 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.09.2024 | | | |
| 5. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.09.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 30.09.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि | 01.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 8. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 9. | ई प्रोक्यूरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
PR 336464 (Energy) 24-25 (D)


#### विधानसभा चुनाव से पहले सौगातों की बारिश

# किसानों को एमएसपी पर मिलेगा बोनस सरकार 2400 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेगी धान

### धान के एमएसपी पर 100 रुपए बोनस देगी सरकार

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन की सरकार ने सौगातों की बारिश कर दी है। सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, पेंशनर्स को महंगाई राहत, जल सहिया को मोबाइल फोन, तो किसानों को धान बेचने पर बोनस देने की भी घोषणा की है।

धान के एमएसपी पर 100 रुपए बोनस देगी हेमंत सोरेन सरकारः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों से जुड़ा बड़ा फैसला लिया गया। बताया गया कि हर साल खरीफ की फसल सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदती है। इस बार भी धान की खरीद एमएसपी पर की जाएगी। इस बार सरकार ने किसानों को एमएसपी पर बोनस देने का भी फैसला किया है।



### किसानों को बोनस देने पर 60 करोड़ खर्च करेगी झारखंड सरकार

झारखंड सरकार की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को प्रति क्विंटल 100 रुपए बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। झारखंड कैबिनेट के इस फैसले से राज्य सरकार के खजाने पर 60 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

**साधारण धान का एमएसपी 2300 रुपए और ए ग्रेड का 2320 रुपए :** कैबिनेट ने खरीफ किसानों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 100 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दी। किसानों से प्रति क्विंटल साधारण धान की खरीद के लिए 2,300 रुपए और ग्रेड ए के धान के लिए 2,320 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय है। झारखंड में 2400 रुपए क्विंटल की दर से साधारण धान की खरीदः झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार इस राशि के अलावा प्रति क्विंटल 100 रुपए बोनस के रूप में किसानों को उपलब्ध करायेगी। राज्य सरकार ने किसानों से कुल 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों को बोनस देने पर राज्य सरकार 60 करोड़ रुपए खर्च करेगी। झारखंड में किसानों को प्रति क्विंटल साधारण धान के 2400 रुपए और ग्रेड ए धान के 2420 रुपए मिलेंगे। 2023-24 में किसानों को प्रति क्विंटल 117 रुपए मिला था बोनसः खरीफ वर्ष 2023-24 में झारखंड सरकार ने किसानों को 117 रुपए बोनस दिया था। तब सरकार ने 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की थी। पिछले साल सरकार ने राइस मिलर्स को प्रति क्विंटल 60 रुपए की दर से इंसेंटिव का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की थी। तब भी सरकार ने 6 लाख मीट्रिक टन धान की ही खरीद का लक्ष्य रखा था।

## सुविचार

**कौन कहता है कि ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है, जब कोई नजर नहीं आता**

## गलत संदेश

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने अचानक जिस तरह से झारखंड के साथ लगती अंतरराज्यीय सीमा को बंद कर दिया और जवाब में झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम वहां से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी दे रही है, वह दो राज्यों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बहुत ही खराब प्रसंग माना जाएगा। इस टकराव से दोनों राज्यों के सामान्य लोगों की परेशानियों में इजाफा भले हो जाए, विवाद निपटाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। दरअसल, दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) की ओर से पानी छोड़ा गया। वहीं, पश्चिम बंगाल के 11 जिले बाढ़ में डूब गए थे। मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी इसे 'मानव निर्मित बाढ़' कह रही हैं। उनका आरोप है कि झारखंड स्थित डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण यह बाढ़ आई। लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले दो-तीन दिनों से उन इलाकों में तेज बारिश हुई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण झारखंड के जलाशय खतरे के निशान के आसपास पहुंच गए थे। सबसे बड़ी बात यह है कि पानी छोड़ने का फैसला राज्य सरकार का नहीं होता, न ही इसके पीछे तात्कालिक राजनीतिक समीकरणों की कोई भूमिका होती है। इसका पूरा सिस्टम काफी पहले से बना हुआ है। कब कितना पानी छोड़ा जाना है, यह निर्णय एक रेग्युलेशन कमिटी करती है जिसमें दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। सभी संबंधित पक्षों को सही समय पर फैसले की सूचना देने की भी प्रक्रिया पूरी तरह परिभाषित है। ममता बनर्जी का कहना है कि इस बार उनकी सरकार को समय पर सूचित नहीं किया गया जबकि दामोदर वैली कॉरपोरेशन और केंद्र सरकार का कहना है कि इस बार भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। अगर अमल में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है तो इस बात की जांच की जा सकती है कि सूचना देने या संबंधित व्यक्ति तक पहुंचने में किस स्तर पर और किस वजह से चूक हुई। आरोप-प्रत्यारोप को इस स्तर पर ले जाने से हालात को बेहतर बनाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। वैसे, ममता बनर्जी ने तकनीकी तौर पर बॉर्डर सील करने की वजह यह बताई है कि झारखंड से आने वाली गाड़ियां बाढ़ के पानी में बह न जाएं। लेकिन अगर बात यही होती तो झारखंड की तरफ से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी नहीं आती। ध्यान रहे, झारखंड में विपक्षी गठबंधन इंडी की सरकार है और तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी खेमे का ही हिस्सा मानी जाती है। ऐसे में इन दोनों सरकारों के बीच इस तरह का विवाद विपक्ष की राजनीति को लेकर भी कोई अच्छा संदेश नहीं दे रहा।

## साथ मिले तो बात बने

**'एक देश,** एक चुनाव' पर कोविंद कमिटी की सिफारिशों को मानकर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है। सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा। इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते। बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं। आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही। लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आई है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में। देश के हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं और अपने मुद्दे। हर चुनाव इन खास मुद्दों के इर्द-गिर्द लड़ा जाता है। किसी भी बदलाव में देश की इस अनेकता का ध्यान रखा जाना चाहिए, क्योंकि यही तो हमारी ताकत है।

# कैसे पैदा होंगे बिना राजनीतिक विरासत वाले युवा नेता

> भारत की राजनीति को 'युवा देश, बूढ़े नेता' के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी धाक जमाने वाले ज्यादातर युवा नेता बड़े राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली हैं। हालांकि मुख्यधारा की लगभग हर राजनीतिक पार्टी का अपना एक स्टूडेंट विंग है और ये सभी पार्टियां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनावों में जोर-शोर से भाग लेती हैं, लेकिन ऐसा कोई व्यवस्थित तंत्र मौजूद नहीं है जो छात्र नेताओं को विधायी राजनीति में आगे बढ़ने में मदद कर सके और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

**प्रियंका सौरभ**

ले आज देश को ऐसे युवा नेताओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है, जो राजनीतिक परिवारों से नहीं आते। भारत को वंशवादी राजनीति से मुक्त होने की जरूरत है। राजनीति और शासन में युवाओं की भूमिका है, विशेष रूप से भारतीय राजनीतिक जीवन में भाई-भतीजावाद और वंशवादी उत्तराधिकार द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के संबंध में। ऐतिहासिक रूप से, युवा नेतृत्व उद्योग और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रहा है। युवा नेता अक्सर नवाचार के मामले में सबसे आगे रहे हैं, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी में, जहां उनके योगदान ने उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, जहां आधी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम है, 18वीं लोकसभा में निर्वाचित प्रतिनिधियों की औसत आयु 56 वर्ष है, जो युवा जनसांख्यिकी और सरकार में उनका प्रतिनिधित्व करने वालों के बीच एक महत्वपूर्ण वियोग को उजागर करती है। भारत को अपने मूल लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत बनाने के लिए अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए।

भारत की राजनीति को 'युवा देश, बूढ़े नेता' के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी धाक जमाने वाले ज्यादातर युवा नेता बड़े राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली हैं। हालांकि मुख्यधारा की लगभग हर राजनीतिक पार्टी का अपना एक स्टूडेंट विंग है और ये सभी पार्टियां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनावों में जोर-शोर से भाग लेती हैं, लेकिन ऐसा कोई व्यवस्थित तंत्र मौजूद नहीं है जो छात्र नेताओं को विधायी राजनीति में आगे बढ़ने में मदद कर सके और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 40 वर्ष के कम उम्र सांसदों की संख्या महज 12 प्रतिशत है, वहीं स्वतंत्र भारत की पहली लोकसभा में 26 प्रतिशत सांसदों की उम्र 40 वर्ष से कम थी।

खासकर, (हर बड़े) चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्रों में युवाओं के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों शुरू करने की बात करती हैं, जिनका अखबारों और सोशल मीडिया के जरिए भारी प्रचार किया जाता है। राजनीतिक संपर्क अभियानों में बड़े पैमाने पर युवाओं को शामिल किया जाता है, और राजनीतिक पार्टियां शक्ति प्रदर्शन के लिए चुनावी रैलियों में युवाओं की भागीदारी को प्रचारित करती हैं। हालांकि, चुनाव के बाद युवाओं के मुद्दे (शिक्षा और रोजगार) को तरजीह नहीं दी जाती, जो चुनावी राजनीति में युवाओं की कमजोर स्थिति को बताता है क्योंकि उनमें अपनी मांगों को मजबूती से रखने की क्षमता नहीं है। यहां तक कि छात्र नेता जब विधायी चुनावों में शामिल होते हैं, तो उनके पास राजनीतिक सौदेबाजी की ताकत बेहद सीमित होती है। इस तरह से देखें तो यही लगता है कि युवाओं की मतदाता भागीदारी अगर कम है तो यह एक विचित्र घटना न होकर एक अपेक्षित परिणाम मात्र है। भाई-भतीजावाद और वंशवादी राजनीति, युवा नेताओं के लिए बड़ी बाधा बनकर आती है। ये जड़ जमाए हुए सिस्टम उभरते नेताओं के लिए दृश्यता और प्रभाव प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों, अवसरों और प्लेटफार्मों तक पहुँच को सीमित करते हैं। आज देश में बिना किसी राजनीतिक विरासत के 1 लाख युवाओं के राजनीति में प्रवेश करने की संभावना है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए, इन युवाओं के लिए सही अवसर, मार्गदर्शन और सहायता प्रणाली प्रदान करना आवश्यक है। युवा नेताओं को अधिक समावेशी बनाने के लिए राजनीतिक संस्कृति को बदलने से स्थापित राजनीतिक वर्ग और मतदाताओं दोनों के भीतर मानसिकता में महत्वपूर्ण बदलाव आता है। यह परिवर्तन नेताओं की एक नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है जो शासन में नए दृष्टिकोण और अभिनव समाधान ला सकते हैं।

तुलनात्मक विश्लेषण प्रौद्योगिकी और व्यापार क्षेत्रों में, युवा नेताओं ने गहरा प्रभाव डाला है। लैरी पेज, मार्क जुकरबर्ग और एलोन मस्क जैसे लोगों ने कम उम्र में पूरे उद्योगों में क्रांति ला दी है। युवा पेशेवरों के वर्चस्व वाले भारत में आईटी उद्योग ने देश को पर्याप्त आर्थिक लाभ और वैश्विक मान्यता दिलाई है। इसके विपरीत, बड़ी युवा आबादी के बावजूद, राजनीतिक परिदृश्य युवा प्रतिनिधित्व में काफी पीछे है। यह असमानता एक महत्वपूर्ण क्षेत्र को उजागर करती है जहां राजनीतिक नेतृत्व को राष्ट्र की जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के साथ संरेखित करने के लिए सुधार आवश्यक है। विभिन्न सरकारी पहलों का उद्देश्य शासन में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है, जैसे कि राष्ट्रीय युवा संसद योजना और राष्ट्रीय युवा नीति। हालाँकि, युवा नेताओं के लिए राजनीति में प्रवेश करने के वास्तविक मार्ग बनाने के लिए इन्हें अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और विस्तारित करने की आवश्यकता है। युवा पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के दूत का उद्देश्य राजनीति में आयु भेदभाव को संबोधित करना और शासन में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है।

यूएनडीपी, ओएचसीएचआर और अंतर-संसदीय संघ के बीच सहयोग के परिणामस्वरूप वैश्विक स्तर पर राजनीतिक प्रक्रियाओं में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास हुए हैं। 'नॉट टू यंग टू रन' अभियान राजनीति में युवाओं के सामने आने वाली बाधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सार्वजनिक पद के लिए दौड़ने की आयु कम करने की वकालत करने के लिए एक वैश्विक पहल है। इन प्रयासों के बावजूद, दुनिया भर में निर्वाचित विधायकों में से 2% से भी कम युवा हैं। इसके लिए आवश्यक है कि पारिवारिक संबंधों के बजाय योग्यता के आधार पर सक्षम युवा व्यक्तियों को राजनीति में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसमें युवा नेताओं के लिए अनुभव और मान्यता प्राप्त करने के लिए मंच बनाना शामिल हो सकता है, जैसे कि राजनीतिक दलों की युवा शाखाएँ या मेंटरशिप कार्यक्रम। युवा नेताओं को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सुधारों को लागू करें, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। इस तरह के सुधारों में युवा उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सीटें या पार्टियों को युवा उम्मीदवारों को मैदान में उतारने के लिए प्रोत्साहन शामिल हो सकते हैं। वर्तमान राजनीतिक वर्ग की मानसिकता में बदलाव बहुत जरूरी है। युवा प्रतिभाओं का स्वागत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक वास्तविक प्रयास की आवश्यकता है, जो कि नए दृष्टिकोण और अभिनव विचारों को शासन में ला सकते हैं। भारत की राजनीतिक पार्टियों और नीति निमार्ताओं को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जिनके जरिए युवाओं तक पहुंच बनाई जा सके और उन्हें देश की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतिनिधित्व के सवाल के अलावा, युवाओं की भागीदारी बढ़ने से उनसे जुड़े मुद्दों को भी ज्यादा अहमियत मिलेगी। शिक्षा और रोजगार से जुड़ी पारंपरिक चुनौतियों के अलावा, शासन तंत्र को युवाओं को प्रभावित करने वाले दूसरे अन्य मुद्दों का भी समाधान करना चाहिए।

चूंकि भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जहां आबादी में युवाओं की संख्या दुनिया में सर्वाधिक है। ऐसे में, भारत को इस स्थिति का फायदा उठाना चाहिए और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उसे अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। तेजी से बदलती दुनिया में युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भारत के नीति-निमार्ताओं को देश की राजनीतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए. ऐसा करके ही भारत अपनी युवा आबादी की क्षमता का दोहन कर सकता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि राजनीतिक परिदृश्य देश की जनसांख्यिकी का अधिक प्रतिनिधि है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित है।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पीएसीएस

> अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पीएसीएस के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पीएसीएस के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था।

**शाजी के वी**

दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025' के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पीएसीएस अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसहकार से समृद्धिह्व के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव दिखने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के लिए विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पीएसीएस के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पीएसीएस के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पीएसीएस की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पीएससीएस ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पीएसीएस अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेएके) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पीएसीएस की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पीएसीएस को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पीएसीएस के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे पीएसीएस संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में ह्यविश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रमह्व है। इस योजना का उद्देश्य पीएसीएस स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बबार्दी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को पीएसीएस स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।

चूंकि पीएसीएस ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएसीएस से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख पीएसीएस से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

**(लेखक, नाबार्ड के अध्यक्ष हैं।)**

# पितरों का श्राद्ध कहां करना चाहिए

**धर्म-अध्यात्म**

पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध किया जाता है। गरुड़ पुराण के अनुसार पितरों की आत्मा की शांति के लिए जो मनुष्य तर्पण करता है, उसे पितृदोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन की सभी बाधाएं भी दूर होती हैं। पितरों का श्राद्ध या तर्पण करते समय कुछ नियमों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। जैसे, पितरों का श्राद्ध कहां-कहां किया जा सकता है, इससे भी कुछ नियम जुड़े हुए हैं। आइए, इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

पितृपक्ष में अगर आप अपने पितरों का तर्पण घर पर कर रहे हैं, तो आपको दक्षिण दिशा में मुंह करके पितरों का तर्पण करना चाहिए। दक्षिण दिशा यमलोक की दिशा मानी जाती है, इसलिए इस दिशा में ही तर्पण करना चाहिए क्योंकि इस दिशा में किया गया श्राद्ध



सीधे पितरों तक पहुंचता है।

गरुड़ पुराण में इस श्राद्ध से जुड़े इस नियम का भी उल्लेख मिलता है कि आप नदी के तट पर भी श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। आप किसी पवित्र नदी, समुद्र के किनारे बैठकर भी पूरे विधि-विधान के साथ पितरों के नाम का श्राद्ध कर सकते हैं।

गरुड़ पुराण के अनुसार गौशाला में भी आप श्राद्ध कर सकते हैं। गौशाला को गोबर से लीपने के बाद पूरी विधि-विधान के साथ इस पर पूजा का सामान रखें। फिर पूरे विधि-विधान के साथ गौशाला में दक्षिण दिशा की तरफ बैठकर पितरों का श्राद्ध कर सकते हैं।

जंगल को हमेशा से पवित्र माना जाता है क्योंकि वन या जंगल प्रकृति का मूल भाग रहे हैं। जंगल में प्रकृति की गोद में बैठकर भी कोई मनुष्य अपने पितरों का श्राद्ध कर सकता है। जंगल में उपलब्ध फल, फूल, जल आदि से भी पितरों का श्राद्ध किया जा सकता है।

## पत्र

### सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए।

**कुमार प्रकाश, खलारी**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न



**जामा:** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल टुडू की अध्यक्षता में जामा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को हेलीकॉप्टर मैदान बेलकुपी में सम्पन्न हुई। सम्मेलन का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोनाल्ड मुर्मू ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , विशिष्ट अतिथि प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हमारी पार्टी आम लोगों को उच्च शिक्षा और असाध्य बिमारी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने कहा कि वोटरों के वोट से जीतने वाले विधायक और सांसद को आजीवन पेंशन दिया जाता है फिर वोटरों को वोटर पेंशन क्यों नहीं ? प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल मुर्मू ने कहा कि नन बैंकिंग कम्पनियों के द्वारा ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों को उनका पैसा लौटाने के लिए 30 सितम्बर को महामहिम राज्यपाल महोदय के समक्ष राँची में हमारी पार्टी एक दिवसीय महाधरना देगी।रोनाल्ड मुर्मू ने कहा कि राँची राजभवन के समक्ष आयोजित महाधरना में भाग लेने के लिए दुमका जिला से सैकड़ों की संख्या में प्रस्थान करेंगे। इस मौके मनोज किस्कू, बिटिया मुर्मू, सनोदी मुर्मू, दुलार मुर्मू, यमुना मुर्मू, इलिशा मरांडी, मशीर्ला मरांडी, पानमुनी बास्की, लीलमुनी सोरेन, राकेश हेम्ब्रम, निर्मल हेम्ब्रम, हारकुन माल, मुकेश पुजहर, राजकुमार बेसरा, राजू राय, गुरू सोरेन, पानसुरी टुडू आदि मौजूद थे।

## तीन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि जारी

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने एक परीक्षा का रिजल्ट और तीन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि प्रकाशित कर दी है। जिन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित की गई है, उनमें एमए इन संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2, एम. लीस. सेमेस्टर-2 और बी. लीस. सेमेस्टर-2 की परीक्षाएं शामिल हैं। छात्र उक्त परीक्षाओं के लिए 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और 4 से 5 अक्टूबर तक संबंधित कॉलेज में ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने जिन परीक्षाओं का रिजल्ट जारी किया है, उनमें एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल परीक्षा 2024 भी शामिल है। इस परीक्षा में 89.89 फीसदी छात्र पास हुए हैं.

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, यूडी केस दर्ज

**मधुपुर :** जसीडीह- मधुपुर मुख्य रेलखंड पर नवापतरो हॉल्ट के निकट पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से शुक्रवार को एक युवक की मौत हो गयी। ट्रेन के चालक की सूचना पर मधुपुर आरपीएफ घटनास्थल पहुंची और घटना को लेकर पूछताछ की। घटनास्थल रेलवे के आउटर सिग्नल के बाहर रहने के कारण आरपीएफ ने इसकी सूचना देवीपुर थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने रेलवे पोल संख्या 300 / 15 झ 21 के निकट अप रेलवे ट्रैक से क्षत विक्षत अवस्था में युवक का शव बरामद किया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी वहां पहुंच गये। आरपीएफ ने बताया कि मृतक युवक की पहचान देवीपुर थाना क्षेत्र के कासाठी बरियारपुर गांव निवासी 25 वर्षीय अनिल मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर-के उसे पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में मृतक के परिजनों से पूछताछ की गयी। परिजनों ने बताया कि युवक की दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। इस मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। आरपीएफ ने बताया कि इस घटना को लेकर किसी ट्रेन का परिचालन बाधित नहीं हुआ है।

## पुरानी रंजिश में किराना दुकानदार को मारी गोली, गंभीर हालत में रेफर

**देवघर :** मोहनपुर थाना क्षेत्र के बाराकोला गांव निवासी किराना दुकानदार को पुरानी रंजिश में उसी गांव के एक व्यक्ति द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद घायल 30 वर्षीय किराना दुकानदार बबलू ठाकुर को पिता गणेश ठाकुर सहित अन्य परिजनों ने अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। ऑन ड्यूटी सर्जन डॉ चितरंजन कुमार पंकज ने प्राथमिक उपचार कर बबलू के पेट का एक्सरे कराया, लेकिन एक्सरे में गोली के बारे में कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बबलू को बेहतर इलाज व सिटी स्कैन के लिए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। घायल बबलू के मुताबिक, उसके पेट में दो गोली लगी है। फिलहाल वह बातचीत कर रहा है। बाद में मामले की सूचना पाकर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। डॉ चितरंजन की मौजूदगी में घायल से घटना की जानकारी ली। घायल बबलू ने बताया कि घटना के पूर्व वह दुकान में बैठा था, तभी दो अज्ञात लोगों के साथ गांव का सचिन राय पहुंचा और दो गोली उसके पेट में मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन सहित पड़ोसी तुरंत आये। इसके बाद उसे इलाज के लिए पिता सहित परिजनों ने उसे अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल लाया। पिता गणेश के मुताबिक बेटा अपने घर में ही किराना दुकान चलाता है। वहीं मोहनपुर रैक प्वाइंट में वह रात्रि प्रहरी का भी काम करता था। रैक प्वाइंट से कमीशन दिलाने का दबाव देने को लेकर पूर्व से सचिन के साथ उसकी झंझट हुई थी। उस घटना के बाद बबलू के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया गया था। बबलू ने सचिन के खिलाफ थाने में मामला भी दर्ज कराया था। उसी रंजिश में शाम करीब सात बजे दो अज्ञात लोगों के साथ आकर सचिन ने उस पर गोली चलायी। समाचार लिखे जाने तक मोहनपुर थाने की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। उधर, सदर अस्पताल से रेफर किये जाने के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए बबलू को लेकर धनबाद निकल गये।

## नर्सिंग होम की जांच में पायी गयी कई कमी : सीएस

**दुमका :** दुमका नगर शहर के बगानपाड़ा स्थित अमीषा नर्सिंग होम में 17 सितंबर को गर्भवती महिला की मौत हो गयी थी। गुरुवार को मृतका के परिजन सीएस से मिले और मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की थी। इसी मामले में शुक्रवार को सीएस डॉ बच्चा प्रसाद सिंह और डॉ मो जावेद जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के साथ कागजात की जांच की। सीएस डॉ सिंह ने कहा नर्सिंग होम की जांच की गयी। वहां मिलने वाली सुविधाएं, चिकित्सकों की संख्या के साथ कागजातों की जांच की गयी। जांच के दौरान कई प्रकार की कमियां पायी गयी। इस पर जल्द ही कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि 17 सितंबर को नर्सिंग होम में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत हुई थी। परिजनों ने बताया जामा प्रखंड क्षेत्र के निश्चितपुर की प्रसूता बाहाटी सोरेन को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रसूता को बेहतर इलाज की आवश्यकता थी।

साहिबगंज में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# एक-एक घुसपैठिये को चुन चुनकर झारखंड से बाहर निकालेंगे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि झारखंड से एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये के चुन-चुनकर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार कर सकती है।

साहिबगंज में अमित शाह ने विशाल जनसभा को किया संबोधित

शुक्रवार को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद अमित शाह साहिबगंज पहुंचे। यहां पुलिस लाइन मैदान में विशाल परिवर्तन सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से कई तीखे सवाल पूछे और लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार बनाएं।

हेमंत सोरेन ने 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था, पूरा हुआ?

अमित शाह ने कहा कि आपलोग 5 साल के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं। हमारी सरकार संताल परगना में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशियों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी। अमित शाह ने पूछा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। लोगों को नौकरी मिली क्या। उन्होंने कहा कि नौकरी देने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को दौड़ा रही है। ऐसा दौड़ा रहे हैं कि युवा दौड़ते-दौड़ते मर जाएं।

झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं झ अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे लेकर नौकरियां बांटी जा रहीं हैं। गरीब, युवा आदिवासी को नौकरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि चुनावों में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, महिलाओं को 2500 रुपए पेंशन का वादा किया, नवविवाहित बहनों को सोने का सिक्का देने का वादा किया, सरकार बनने के बाद सारे वादे भुला दिये।

बड़े-बड़े वादे करने वाली झारखंड सरकार ने सिर्फ भ्रष्टाचार दिया

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया। 1000 करोड़ का खनन घोटाल किया, सेना की जमीन खा गए। इस सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया।



मोदी सरकार ने आदिवासी कल्याण के लिए दिए 1।20 लाख करोड़

अमित शाह ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस आदिवासी कल्याण की बात करती है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी, तो उसने आदिवासी कल्याण के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया था। वर्ष 2013-14 में। केंद्र में मोदी की सरकार बनने के बाद अब उसी विभाग का बजट 1।20 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मोदी की सरकार ने आदिवासियों के लिए डीएमएफटी फंड दिया। 63,000 गांवों के विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की व्यवस्था की है।

75 साल के लोगों को 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देंगे

अमित शाह ने संताल परगना की जनता को संबोधित करते हुए कहा- मैं कहकर जाता हूं कि हमारा घोषणा पत्र आएगा। हम 75 साल से ज्यादा आयु के गरीब परिवारों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे। आपके धान को उचित दाम पर खरीदेंगे। गांवों को सड़क, एंबुलेंस, अस्पताल और डॉक्टर की सुविधा मिलेगी।

आदिवासी बहनों के बलात्कार पर चुप है झारखंड की सरकार

अमित शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद करने वाली सरकार है। दूसरी ओर भाजपा है, जो आदिवासियों की चिंता करने वाली पार्टी है। झारखंड में 37 आदिवासी बहनों का बलात्कार हुआ। साहिबगंज और दुमका की बेटी की हत्या कर दी गई, लेकिन यह सरकार कुछ नहीं बोलती।

# दुर्गा पूजा से पहले साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी का होगा परिचालन : डीआरएम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** दुर्गा पूजा से पहले साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी के परिचालन को लेकर रेल विभाग तैयारी में जुटा है. यह बातें मालदा डीआरएम मनीष गुप्ता ने साहिबगंज के दौरे पर आने के बाद कही. उन्होंने कहा कि लंबे समय से साहिबगंज के जनप्रतिनिधियों की ओर से साहिबगंज से हावड़ा के लिए इंटरसिटी की मांग की जा रही थी. इसको लेकर हावड़ा जोन के प्रबंधक द्वारा रेल मंत्रालय से पत्राचार किया था. इसके बाद टेक्निकल व मैकेनिकल डिपार्टमेंट से तकनीकी रूप से सहमति लेने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी, वह मिल गयी है. बहुत जल्द ट्रेन का परिचालन भी शुरू हो जायेगा. डीआरएम ने बताया कि प्रमुख रूप से स्वच्छता ही जीवन है. पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसको लेकर मालदा मंडल में सैकड़ों की संख्या में पौधारोपण किया गया है. इस क्रम में साहिबगंज में भी पौधारोपण कार्यक्रम साहिबगंज की स्वयंसेवी संस्था विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों के सहयोग से बड़ी झरना के निकट मूखबधिर विद्यालय में पौधारोपण किया गया है. वहीं, सीनियर डीएमई एसके तिवारी ने बताया कि डीएमयू मेंटेनेंस शेड का डीआरएम ने निरीक्षण किया है. हमलोग का प्रयास होगा कि मेमो ट्रेन का रखरखाव और मेंटेनेंस बेहतर हो इसके लिए नयी तकनीक और बेहतर कैसे होगा. जिसपर विचार विमर्श किया जायेगा. साथ ही डीआरएम का काफिला अमृत भारत योजना के तहत बनाये रेलवे स्टेशन के कार्यों को देखा. वहीं, ठेकेदार सहित अन्य तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण समय पर कार्य पूर्ण करें. मौके पर सीनियर डीएमइ एसके तिवारी, सीनियर डिविजनल इंजीनियर कोऑर्डिनेशन नीरज कुमार वर्मा, सीनियर डिवीजनल केमिस्ट कमर्शियल मैनेजर शुदेव भट्टाचार्य, सीनरी डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर चंद्र कुमार पटेल, डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर खुर्शीद अहमद टीआरडी, डीई एन 2 विद्युत मंडल साहिबगंज एएमई पवन कुमार सिंह साहिबगंज एईएन वेद व्यास शरण, एसएससी सुभाष पासवान, स्टेशन प्रबंधक हंसराज पाठक, आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर मुर्मू सहित कई रेल अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

## गदाई दियारा के अंसारी व रामवचन टोला में गंगा कटाव जारी

**तालझारी:** राजमहल प्रखंड अंतर्गत गदाई दियारा के असारी टोला व रामवचन टोला में गंगा कटाव जारी है। हर दिन 30-40 फीट जमीन गंगा में समा रही है। अनिता देवी, बीरू मंडल, रतन मंडल, अंगद मंडल, पांचू मंडल समेत वार्ड सदस्य सुदाम मंडल ने बताया कि गंगा कटाव इतनी तीव्र गति हो रहा है कि अब तक वेचन मंडल, रामायण मंडल, राजा राम महतो, लालू मंडल, पिंटू मंडल, फोनी मंडल, दिनेश मंडल, विरू मंडल, जंभूनाथ मंडल, उज्ज्वल मंडल, अरुण मंडल, कृती मंडल, युवराज शेख, अजमेर शेख व कालू मंडल की फूस की झोपड़ी गंगा में समा गयी है, जबकि बीरू मंडल के फूस के बने घर व अनिता देवी के पीएम आवास योजना से बने घर कभी भी गंगा में समा जायेगा। बीरू मंडल ने बताया कि अपने हाथों से तिनका-तिनका जोड़कर कर अपने हाथों से बनाये घर को अपने हाथों सी ही उजाड़ना पड़ रहा है। समय रहते घर का समान नहीं निकला गया, तो वो भी गंगा में समा जायेगा। इसके डर से घर का टटिया, छपरी, बर्तन, अनाज समेत अन्य सामग्री अन्य सुरक्षित जगह पर ले जा रहे हैं। वहीं राम वचन टोला के सुबोध महतो, राजकुमार महतो, दुलाल महतो, करण महतो, विजय महतो, लक्ष्मण महतो ने बताया कि राम वचन टोला में करीब 40 घर हैं। टोला के महज एक सौ फीट दूरी पर कटाव हो रहा है। लोग भयभीत हैं। घर से बेघर होने का डर सता रहा है। लोग रतजगा करने को मजबूर हैं। वार्ड सदस्य सुदाम मंडल ने बताया कि गंगा कटाव की जानकारी गदाई दियारा के पंचायत के राजस्व कर्मचारी को दी गयी। गंगा कटाव की चपेट में से अब तक 15 घर गंगा में समा गये हैं। जिसकी जांच करने शनिवार को कर्मचारी पंचायत आने की बात कही है। राजस्व कर्मचारी मो हैदर अली ने बताया कि गंगा कटाव में सात घर गंगा में समा जाने की रिपोर्ट तैयार की गयी। आगे जांच कर रिपोर्ट तैयार की जायेगी।

## मोबाइल छिनतई के दो आरोपी गिरफ्तार

**देवघर।** बाबा मंदिर इलाके में एक बड़े होटल के समीप स्थित पेड़ा दुकान में काम करने वाले बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा निवासी शुभम कुमार की मोबाइल दो युवकों द्वारा छिनतई कर ली गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों आरोपितों को पकड़ लिया गया। मामले की सूचना पाकर पुलिस पहुंची, तो पकड़े गये दोनों बदमाशों को उनलोगों के हवाले कर दिया गया। पुलिस मीडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार, मोबाइल छिनतई को लेकर शुभम ने पश्चिम टोला मेघलाल पुरी लेन निवासी बजरंगी राउत व रीता होटल गली निवासी आकाश राउत के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। नगर थाने की पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपितों को कोर्ट में पेश कराया। कोर्ट के निर्देश पर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

# परिवर्तन यात्रा केवल राजनीतिक अभियान नहीं बल्कि क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित करने का माध्यम है : विवेक ठाकुर

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** आगामी 25 सितंबर 2024 को जामा विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड में परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाली जनसभा, शिकारीपाड़ा विधानसभा के काठीकुंड प्रखंड में रोड शो, और शिकारीपाड़ा प्रखंड में जनसभा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नवादा के भाजपा सांसद एवं दुमका-जामताड़ा क्लस्टर प्रभारी विवेक ठाकुर ने तीनों प्रखंडों में बैठकें कीं। भाजपा सांसद श्री ठाकुर ने इन बैठकों में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर इस महायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में जनसभा और रोड शो के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद ने बताया की परिवर्तन यात्रा को सफल बनाना एक-एक कार्यकताओं की जिम्मेवारी है और सभी कार्यकर्ता संगठित रूप से इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में अपना सहयोग करेंगे।



रामगढ़ प्रखंड में जामा विधानसभा के कार्यकताओं ने आगामी जनसभा की तैयारियों की रूपरेखा तय की। इस अवसर पर भाजपा सांसद श्री ठाकुर ने यात्रा के दौरान जनता को जागरूक करने और भाजपा की विकासपरक नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।


काठीकुंड प्रखंड* में रोड शो के आयोजन की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए भाजपा सांसद श्री ठाकुर ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक जनसंपर्क स्थापित करने की अपील की, ताकि पार्टी का संदेश हर वर्ग तक पहुंचे।

शिकारीपाड़ा प्रखंड* में जनसभा की तैयारी हेतु हुई बैठक में श्री ठाकुर ने कार्यकताओं को बड़े जनसमूह को आकर्षित करने के लिए उत्साहवर्धक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र के विकास और परिवर्तन यात्रा के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से जनता के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठकों के दौरान स्थानीय कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक यात्रा की सफलतापूर्वक आयोजन हेतु अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क और तैयारियों का संकल्प लिया। श्री ठाकुर ने सभी को परिवर्तन यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में संगठित होकर काम करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद, जामा विधानसभा के प्रभारी कमल कांत हांसदा, सीताराम पाठक, शिकारीपाड़ा विधानसभा प्रभारी रामचंद्र हांसदा, रविकांत मिश्रा, पूर्व भाजपा सांसद सुनील सोरेन, सुरेश मुर्मू, परितोष सोरेन, पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर, जिला महामंत्री मनोज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बबलू मंडल, जिला मंत्री जीतलाल राय,रामनारायण भगत,अविनाश सोरेन, सोनी हेंब्रम,संतोष सोरेन, रमेश मुर्मू, मंडल अध्यक्ष नवल किशोर मांझी, महेंद्र मंडल, अभिजीत सुमन,शुभाशीष चटर्जी, तरुण नंदी आदि के कई प्रमुख नेता, स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई । भाजपा मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने बताया की कल दिन शनिवार को श्री ठाकुर रानेश्वर प्रखंड, मसलिया प्रखंड,जरमुंडी प्रखंड ,और दुमका नगर ,की बैठक में भाग लेंगे ।

# दोबारा रिलीज होने के बाद 'तुंबाड' ने की जबरदस्त कमाई




मैराथमोल निर्देशक राही अनिल बर्वे की 'तुम्बाड' ने सिनेमाघरों में दूसरी बार रिलीज होने के बाद अपने मूल कलेक्शन से ज्यादा कमाई की है। 'तुंबाड' 2018 में रिलीज हुई थी, लेकिन तब फिल्म फ्लॉप हो गई थी। फिल्म ने अब दोबारा रिलीज होने के सात दिनों में पहले की तुलना में ज्यादा कमाई कर ली है।

### तुम्बाड की कुल कमाई

फिल्म 'तुम्बाड' 13 सितंबर को दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने छह दिनों में 12.11 करोड़ रुपये का और सातवें दिन फिल्म ने 1.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अब फिल्म की कुल कमाई 13.41 करोड़ रुपये हो गई है। छह साल पहले जब 'तुंबाड' रिलीज हुई थी तो इसने 12.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर मूल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 'तुम्बाड' दोबारा रिलीज के जरिए देशभर में 20 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करेगी तो इस फिल्म का कुल कलेक्शन 30 करोड़ के पार हो जाएगा। आज राष्ट्रीय फिल्म दिवस के मौके पर मूवी टिकट की कीमत 99 रुपये कर दी गई है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आज दूसरे शुक्रवार को टिकट की कम कीमतों का फायदा 'तुम्बाड' को मिलता है या नहीं।

### 'तुम्बाड' ओटीटी पर

निर्देशक राही अनिल बर्वे की तुम्बाड 2015 में बनी थी, लेकिन स्पेशल इफेक्ट्स और अन्य नए बदलाव करने में उन्हें अगले 3 साल लग गए। 'तुम्बाड' प्राइम वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।




# विक्रांत मैसी की 'द साबरमती रिपोर्ट' अब 15 नवंबर को रिलीज

एक्टर विक्रांत मैसी की आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' जल्द ही रिलीज होने वाली है। विक्रांत ने अपने इंस्टा हैंडल पर घोषणा की है कि फिल्म की नई रिलीज डेट 15 नवंबर है। उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, ₹जलित वास्वत 15 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी। विक्रांत का अभिनय हमेशा यथार्थवादी भूमिकाओं के साथ रहा है। फिल्म '12वीं फेल' में विक्रांत ने आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा का किरदार निभाया था, जो दर्शकों के दिलों को छू गया। हाल ही में रिलीज हुई 'सेक्टर 36' में विक्रांत ने सच्ची कहानी पर आधारित किरदार निभाया है। दर्शक जल्द ही विक्रांत को सच्ची कहानी पर आधारित ऐसी ही एक और भूमिका में बड़े पर्दे पर देख पाएंगे। यह फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' 2002 में गोधरा में हुए साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड पर आधारित है। फिल्म की रिलीज डेट पहले भी दो बार टाली जा चुकी है। पहले यह फिल्म मई में रिलीज होने वाली थी, फिर कहा गया कि यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होगी। हालांकि, ये फिल्म अगस्त महीने में भी रिलीज नहीं हो पाई। अब विक्रांत मेसी ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का निर्देशन धीरज सरना ने किया है। फिल्म में 27 फरवरी, 2002 को गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में हुई आग की घटना का विवरण दिया गया है। इस फिल्म में विक्रांत एक पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगे। विक्रांत के साथ राशि खन्ना एक रिपोर्टर की भूमिका निभाती हैं। साथ ही एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा निवेदिके के किरदार में नजर आएंगी।

# शादी के बाद पहली बार पति सिद्धार्थ के साथ दिखीं अदिति राव हैदर



बॉलीवुड में प्रसिद्ध कपल अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने 16 सितंबर को शादी के बंधन में बंध गए और नई जिंदगी की शुरुआत की। उन्होंने 400 साल पुराने मंदिर में शादी रचाई। अदिति और सिद्धार्थ ने गुपचुप तरीके से शादी कर फैंस को चौंका दिया था। उन्होंने शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को ये खबर दी। अब शादी के बाद पहली बार सिद्धार्थ और अदिति कैमरे के सामने आए हैं। शादी के बाद अदिति और सिद्धार्थ वापस मुंबई आ गए हैं। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। अदिति और सिद्धार्थ शादी के बाद पहली बार कैमरे में कैद हुए। एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए हैं। इस वीडियो में अदिति पिंक ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। दुल्हन अदिति के इस लुक को देखकर फैंस भी हैरान रह गए हैं। पैपराजी ने इंस्टाग्राम पेज पर उनकी एयरपोर्ट तस्वीरें शेयर की हैं। फैंस ने अदिति और सिद्धार्थ को शुभकामनाएं दी हैं। अदिति और सिद्धार्थ की पहली मुलाकात 2021 में तेलुगु फिल्म 'समुद्रम' के सेट पर हुई थी। इसके बाद दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे। शुरुआत में दोनों ने अपने रिश्ते को छुपाकर रखा, लेकिन बाद में उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते का खुलासा किया।

# अमेरिका में भारतीय मूल की ध्रुवी पटेल बनीं मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024

अमेरिका की कंप्यूटर इंफॉर्मेशन सिस्टम की छात्रा ध्रुवी पटेल ने 'मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024' का खिताब जीत लिया है। मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का ताज पहनने के बाद ध्रुवी ने बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय करने और यूनिसेफ की राजदूत बनने की इच्छा व्यक्त की। न्यू जर्सी के एडिसन में आयोजित मिस इंडिया वर्ल्डवाइड के फाइनल राउंड में ध्रुवी को विजेता घोषित किया गया। फिर ध्रुवी ने एक स्वर में जयकार की। मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का ताज पहनने के बाद ध्रुवी ने कहा, "मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। यह मुकुट जीवन के अन्य सभी आशीर्वादों से बड़ा है। यह एक महान विरासत है, यह वैश्विक स्तर पर दूसरों को प्रेरित करती रहेगी। सूरीनाम की लिसा अब्दोलहक इस प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप बनी हैं, जबकि नीदरलैंड की मालविका शर्मा को सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया। मिसेज कैटेगरी में त्रिनिदाद और टोबैगो की सुआन मोटेट विजेता रहीं, जबकि स्नेहा नांबियार फर्स्ट रनर-अप और यूनाइटेड किंगडम की पवनदीप कौर सेकेंड रनर-अप रहीं। ग्वाडेलोप की सिएरा सुरेट को किशोर वर्ग में मिस टीन इंडिया वर्ल्डवाइड का ताज पहनाया गया। नीदरलैंड की श्रेया सिंह और सरनाम की श्रद्धा टेडजो को क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।




"मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है।

# गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने शराब पीने के लिए अपनाया ईसाई धर्म, खुद किया खुलासा



इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार हैं, जो शादी या अन्य कारणों से धर्म परिवर्तन कर लेते हैं। आज हम आपको एक ऐसे बॉलीवुड एक्टर की पत्नी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने शराब पीने के लिए अपना धर्म बदल लिया। उन्होंने यह भी कहा है कि उनके माता-पिता को भी नहीं पता कि उन्होंने धर्म बदल लिया है।बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपने इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में हैं। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बारे में खुलकर बात की। उनके माता-पिता पंजाबी और नेपाली थे, लेकिन जब उन्होंने स्कूल जाना शुरू किया तो उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। सुनीता ने कहा कि केवल ईसाइयों को ही शराब पीने की इजाजत है और वह शराब का स्वाद चखना चाहती थी, इसलिए उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। सुनीता ने कहा, 'मेरा जन्म बांद्रा में हुआ था। मैं एक ईसाई स्कूल में थी और मेरे सभी दोस्त ईसाई थे। एक बच्चे के तौर पर, मैंने सुना था कि यीशु के खून में वाइन है। और मैंने मन में सोचा, 'वाइन का मतलब है शराब'। मैं हमेशा बहुत चालाक थी। शराब पीने में कोई बुराई नहीं है, बस थोड़ी सी शराब पीने के लिए मैंने खुद को ईसाई बना दिया।

### माता-पिता को पता नहीं

सुनीता ने कहा कि वह दरगाहों, गुरुद्वारों और मंदिरों में भी जाती हैं। क्या उसके माता-पिता उसके ईसाई धर्म अपनाने से नाराज़ थे? पूछने पर सुनीता ने कहा कि उन्हें कभी पता ही नहीं चला। उन्होंने यह भी कहा कि वह पूरे सप्ताह अलग-अलग व्रत रखती हैं और कुछ खास दिनों में मांस खाने से परहेज करती हैं। सुनीता ने अपने और गोविंदा के बीच सांस्कृतिक मतभेदों के बारे में बात करते हुए कहा, ₹मैं मिनीस्कर्ट पहनती थी लेकिन शादी के बाद साड़ी पहनना शुरू कर दिया, क्योंकि मेरे पति को ये पसंद नहीं है। सुनीता और गोविंदा ने तीन साल तक डेटिंग के बाद 1987 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं बेटी टीना और बेटा यशवर्धन। टीना ने जहां एक्टिंग में अपनी किस्मत आजमाई है, वहीं यशवर्धन अपने डेब्यू की तैयारी में हैं।

भारत की पहली वर्चुअल इन्फ्लुएंसर

# नैना को सलमान खान के शो में मिली एंट्री

बिग बॉस 18 की जमकर चर्चा हो रही है। सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' बस कुछ ही दिन दूर है। कुछ दिनों पहले इस शो का धमाकेदार प्रोमो शेयर किया गया था। इस प्रोमो को देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। प्रोमो में कहा गया कि इस बार बिग बॉस की नजर प्रतियोगियों के भविष्य पर होगी। बेशक, यह सीज़न प्रतियोगियों के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर आधारित होगा। सोशल मीडिया पर अब तक कई सेलिब्रिटीज के नाम सामने आ चुके हैं। कहा जा रहा है कि ये सेलिब्रिटी सलमान खान के शो में नजर आएंगे। इसी बीच एक और नाम की चर्चा हो गई है। लेकिन ये नाम बेहद खास है। हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिग बॉस के निर्माताओं ने शो के लिए भारत के पहले एआई इन्फ्लुएंसर से संपर्क किया है। इस प्रभावशाली शख्स का नाम नैना द एआई सुपरस्टार है। नैना अवतार कौन है? ज्यादातर लोग नैना अवतार के बारे में नहीं जानते, लेकिन हम उन्हें बताना चाहते हैं कि नैना अवतार भारत की पहली एआई इन्फ्लुएंसर हैं। जो मेटा लैब्स द्वारा निर्मित है। उसे एआई की मदद से बनाया गया है। नैना उत्तर प्रदेश के झाँसी शहर की एक मशहूर फैशन मॉडल हैं। उन्हें एक्टिंग में काफी दिलचस्पी है और नैना अपना सपना पूरा करने के लिए मुंबई आ गई है। नैना अब तक कई बड़े फैशन ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने मार्केटिंग में भी अपनी पहचान बनाई है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 3. 96 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।



### बिग बॉस में क्या करेंगी नैना?

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की पहली एआई सुपरस्टार नैना 'बिग बॉस 18' का हिस्सा बन सकती हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि बिग बॉस शो को और दिलचस्प बनाने के लिए मेकर्स ने नैना से संपर्क किया है या वह भी इसमें प्रतियोगी होंगी।

### इन सेलिब्रिटीज के नाम की भी है चर्चा

शो 'बिग बॉस 18' 5 अक्टूबर से टीवी पर प्रसारित किया जा सकता है। शो में हिस्सा लेने के लिए अब तक कई नाम सामने आ चुके हैं। इनमें शोएब इब्राहिम, समीरा रेड्डी, निया शर्मा, सुनील कुमार, डॉली चायवाला, धीरज धूपर, दलजीत कौर, दीपिका आर्य, सुरभि ज्योति, सोमी अली, कनिका मान, शाहिर शेख मीरा देवस्थले, मानसी श्रीवास्तव, अंजलि आनंद और अनीता के नाम शामिल हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक किसी भी कंटेस्टेंट के नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# आईएसएल में पहली बार भिड़ेंगे मोहम्मडन एससी और एफसी गोवा

एजेंसी

**कोलकाता :** एफसी गोवा और मोहम्मडन एससी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पहली बार आज शाम कोलकाता स्थित किशोर भारती क्रीड़ांगन में भिड़ेंगे। एफसी गोवा ने कोलकाता की टीमों के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार जीते है, लेकिन गौर्स को इस साल की शुरुआत में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ एकमात्र हार मिली थी। गौर्स ने कोलकाता में अवे मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ अपने पिछले दो मैच जीते हैं। वहीं, आईएसएल में पदार्पण करने वाली मोहम्मडन एससी ने अपने पहले मैच में जुझारूपन दिखाया था लेकिन अलादीन अजराई के 94वें मिनट के गोल के कारण नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से हार गई। उसी तरह, जॉर्डन मरे के इंजरी टाइम में गोल के कारण एफसी गोवा को जमशेदपुर एफसी से हार मिली। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच



एंड्री चेर्निशोव के अनुसार उनके रक्षात्मक और आक्रामक दोनों खिलाड़ियों को आईएसएल में विरोधियों का मुकाबला करने के लिए कुछ अतिरिक्त समय की आवश्यकता होगी। चेर्निशोव ने कहा, "हमें रक्षात्मक और आक्रामक दोनों पहलुओं में सुधार करने की आवश्यकता है। हम परिस्थितियों के हिसाब से ढलने की कोशिश करते हैं और अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विदेशी खिलाड़ियों के लिए यहां तालमेल बिठाना आसान नहीं है। हर खिलाड़ी अपने तरीके से परिस्थितियों में ढलता है, कोई जल्दी, तो कोई देरी से खुद को ढालता है।" एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने चोट संबंधी अपडेट दिए, क्योंकि गौर्स को आगामी कुछ मैचों में कई स्टार खिलाड़ियों की कमी खलेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले मैच में मिली हार से उबरने के लिए टीम कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा, "खिलाड़ियों में पहले मैच में मिली हार का बदला लेने की भूख दिख रही है। लेकिन आप जीत की गारंटी नहीं दे सकते। खिलाड़ी जीत पाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

# रियल मैड्रिड के कोच एंसेलोटी ने अपनी टीम की खेल शैली की आलोचना को किया खारिज

**नई दिल्ली :** रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा सत्र की शुरुआत में उनकी टीम को मिल रही आलोचना में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। हालाँकि परिणाम उनके पक्ष में रहे हैं, लेकिन रियल मैड्रिड ने हाल के मैचों में अपनी किस्मत आजमाई है, पिछले सप्ताह रियल सोसिएदाद ने उनके खिलाफ तीन बार पोस्ट पर हिट किया, जबकि चैंपियंस लीग में, स्टटगार्ट ने अधिक मौके बनाए, हालांकि दो गोलकीपिंग त्रुटियों ने मैड्रिड को 3-1 से जीत दिलाई। शनिवार को एस्पेनयोल के खिलाफ घरेलू मैच से पहले मिडफील्ड और डिफेंस में संतुलन की कमी के बारे में पूछे जाने पर, एंसेलोटी ने जोर देकर कहा कि वह परिणामों में अधिक रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा, ₹यह मुझे परेशान नहीं करता कि लोग कहते हैं कि मैड्रिड खराब खेलता है क्योंकि मैं देखता हूं कि हमारे प्रशंसक हमारे प्रदर्शन से खुश हैं। कोच ने कहा, ₹मुझे लगता है कि रियल मैड्रिड के प्रशंसक रॉक एंड रोल फुटबॉल के आदी हैं और बहुत सारे पास के आदी नहीं हैं। और सबसे बढ़कर उन्हें अच्छा खेलने से ज्यादा जीतना पसंद है। इटालियन ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि उनकी टीम असंतुलित दिखती है, जिसमें जूड बेलिंगहैम, विनीसियस, काइलियन एमबाप्पे और रोड्रिगो जैसे खिलाड़ी अधिक आक्रामक हैं, जबकि एडुआर्डो कैमाविंगा के टखने की चोट के कारण उनके पास होल्डिंग मिडफील्डर की कमी है। उन्होंने कहा, ₹संतुलन सामूहिक कार्य है जिसे मैं दो फॉरवर्ड या तीन के साथ कर सकता हूं। एक नया मिडफील्डर लाने का मतलब यह नहीं है कि आपके पास अधिक संतुलन है। बहस यह हो सकती है कि बेलिंगहैम क्या हैः फॉरवर्ड या मिडफील्डर? हम नहीं जानते। उन्होंने कहा, ₹मुझे अपनी टीम को अच्छी तरह से बचाव करते हुए देखना पसंद है, कब्जे में समय बर्बाद नहीं करना और लंबवत रहना।



# विराट कोहली का खराब फार्म जारी, आठ साल के निचले स्तर पर पहुंचा टेस्ट औसत

**नई दिल्ली :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का सबसे लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म जारी रहा और वह चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहे। टेस्ट की दोनों पारियों में कोहली ने 6 और 17 रन का खराब स्कोर बनाया। पहली पारी में उन्होंने हसन महमूद की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को खेला, जबकि दूसरी पारी में वे गलत एलबीडब्ल्यू आउट के फैसले का शिकार हो गए। उन्होंने रिव्यू नहीं लिया, हालांकि रिप्ले में साफ दिख रहा था, गेंद बल्ले से लगने के बाद पैड पर लगी। विराट इस साल सभी प्रारूपों में खराब फॉर्म में हैं। इस साल 15 मैचों और 17 पारियों में उन्होंने 18.76 की औसत से सिर्फ 319 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल के दौरान 76 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। अब टेस्ट में विराट का औसत आठ साल के निचले स्तर पर है। 114 टेस्ट मैचों में उन्होंने 193 पारियों में 48.74 की औसत से 8,871 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 30 अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछली बार उनका औसत इससे कम नवंबर 2016 में था, जब उनका औसत 48.28 था। 2020 का दौर सफेद जर्सी में विराट के लिए अच्छा नहीं रहा है। 2020 की शुरुआत से खेले गए 30 टेस्ट मैचों में उन्होंने 52 पारियों में सिर्फ दो शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ सिर्फ 32.72 की औसत से सिर्फ 1,669 रन बनाए हैं।




**15 मैचों और 17 पारियों में उन्होंने 18.76 की औसत से सिर्फ 319 रन बनाए हैं**

न्यूज IN बिजनेस

## मैक्स फैशन ने स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ अपने लेटेस्ट 'न्यू न्यू यू' कैंपेन को किया लॉन्च

**रांची :** दुबई स्थित लैंडमार्क ग्रुप के सबसे पसंदीदा फैशन ब्रांड मैक्स फैशन ने 'न्यू न्यू यू' अभियान के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ एक विशेष सहयोग के माध्यम से ब्रांड के एक नए अध्याय में कदम रखा है। यह कैंपेन नए आत्मविश्वास के क्षेत्र में कदम रखता है, विकास की भावना पैदा करता है जो ग्राहक को स्टाइल की परिवर्तनकारी शक्ति के कारण एकदम नया महसूस कराता है। यह कैंपेन एक सुसंस्कृत संग्रह का हिस्सा है, जो उत्सवों या दोस्ताना समारोहों (वर्कवियर, कैजुअल आउटफिट्स, फ्यूजन फेस्टिव वियर, या हाई-ग्लैम अवसरों के कपड़े) के लिए पुनर्निर्माण की भावना को व्यक्त करता है -ये स्टाइल इस फेस्टिवल सीजन के लिए टोन सेट करता है। इस स्टाइलिश संग्रह के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो इसकी चंचलता के साथ पूरी तरह से मेल खाता हो, कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास अपने व्यक्तित्व के प्रति सच्चे रहते हुए पारंपरिक फैशन की सीमाओं को तोड़ने की अनूठी क्षमता हो- और शानदार कल्कि कोचलिन से बेहतर कौन हो सकता है-जो हर जीवंत भूमिका के साथ खुद को नयापन देती है। 'न्यू न्यू यू' कलेक्शन के साथ, मैक्स फैशन का लक्ष्य अपने ग्राहकों को अपने नवीनतम पश्चिमी और उत्सव शैलियों और एक्सेसरीज के साथ अपने व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को तलाशने की स्वतंत्रता देने के लिए प्रेरित करना है। कल्कि के बोल्ड विकल्प, उनके करियर और व्यक्तिगत शैली दोनों में, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रेरित करते हैं - ऐसे मूल्य जो नए युग के महत्वाकांक्षी परिवारों से जुड़ने के ब्रांड के दृष्टिकोण के साथ संरेखित होते हैं 'न्यू न्यू यू' प्रस्ताव की अवधारणा के अनुरूप, मैक्स फैशन अपनी लंबे समय से चली आ रही हर हफ्ते नए स्टाइल लॉन्च करने की प्रतिबद्धता को पूरा करता है, जो ताजगी और उत्साह लाता है इसके 520+ स्टोर्स में जो 210+ भारतीय शहरों में फैले हुए हैं, और ऑनलाइन www.maxfashion.in पर भी उपलब्ध हैं। यह दृष्टिकोण मैक्स फैशन की ग्राहकों को नवीनतम ट्रेंड्स प्रदान करने के प्रति समर्पण को मजबूत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि उनके लिए एक निरंतर और गतिशील खुदरा और ऑनलाइन खरीदारी अनुभव उपलब्ध हो।

## 'रग उत्सव 2024': जयपुर रग्स की हाथों से बनाई गई कलाओं का शानदार मेला

**रांची :** भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत की प्रतीक और हाथ से बनी कालीनों के निर्माण में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी जयपुर रग्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रग उत्सव' की शुरूआत की घोषणा की है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसा उत्सव है जो व्यापर से आगे जाकर ग्रामीण भारतीय कारीगरों की कला और दुनिया भर के ग्राहकों की पसंद को एक साथ लाता है। जयपुर रग्स एक शानदार वित्तीय वर्ष में 975 करोड़ के ग्रुप टर्नओवर के साथ और पुणे और लंदन में नए स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद, रग उत्सव एक बार फिर दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। भारत, मिलान, दुबई, रूस और चीन जैसी जगहों पर 17 स्टोरों के साथ, ब्रांड अब भारत में विशेष रूप से एक महीने का उत्सव आयोजित करने के लिए तैयार है, जो इसके भारतीय लोकेशंस और इसकी वेबसाइट पर एक यादगार अनुभव प्रदान करता है।रग उत्सव, भारत की समृद्ध हस्तनिर्मित कालीन और गलीचों की परंपरा का एक माह लंबा उत्सव है। पिछले वर्ष के आयोजन ने शानदार सफलता प्राप्त की, जिसमें जयपुर रग्स के भारत भर के स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों से 15 करोड़ की बिक्री हुई। इस वर्ष, देशभर में जयपुर रग्स सशक्त उपस्थिति के साथ, एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, जिसमें 50 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। रग उत्सव जयपुर रग्स के कारीगरों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प को सम्मानित करता है और उनकी कृतियों को वैश्विक दर्शकों से जोड़ता है, जिससे जयपुर रग्स की परंपरा और आधुनिक डिजाइन के बीच सेतु निर्माण की दृष्टि को और सुदृढ़ किया जा सके।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने स्टेला नियो एमसीबी रेंज के साथ स्विचगियर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**रांची :** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जो कि 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का हिस्सा है, ने मास प्रीमियम सेगमेंट में मिनिएचर सर्किट ब्रेकर (एमसीबी) की स्टेला नियो रेंज को लॉन्च करके अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। बेहतर सुरक्षा, इंस्टॉलेशन में आसानी, टिकाऊपन के साथ शानदार प्रदर्शन के चार अहम पहलुओं को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया यह नया स्टेला नियो एमसीबी बेहतरीन विद्युत सुरक्षा और विश्वसनीयता का वादा करता है। यह लॉन्च कंपनी के भारत के तेजी से बढ़ते लो-वोल्टेज स्विचगियर बाजार में अपनी स्थिति को सशक्त करने की योजना का हिस्सा है।ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के एमडी और सीईओ रवींद्र सिंह नेगी ने बताया कि, हमारा फोकस हमेशा सबसे बढ़िया क्वॉलिटी के स्विचगियर प्रोडक्ट्स देने पर रहा है जो भारतीय उपभोक्ताओं की विद्युत सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरतों के हिसाब से बने हों। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने एमसीबी की हमारी नई स्टेला नियो रेंज को लॉन्च किया है जिसमें सुरक्षा और परफार्मेंस दोनों को और भी बेहतर करने के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है। हमने अपने नोएडा प्लांट में एक नई प्रोडक्शन लाइन को भी जोड़ा है, जो एमसीबी के लिए अत्याधुनिक ऑटोमेटिक कैलीब्रेशन और जांच प्रणाली से लैस है। हमारा फोकस अपने स्विचगियर बिजनेस को लगातार मजबूत करने पर रहा है, जिसके लिए हम निरंतर बेहतरीन गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहे हैं और साथ ही साथ केटेगरी इन्फ्लुएंसर्स के साथ मिलकर उपभोक्ता जागरूकता को भी बढ़ा रहे हैं। ओरिएंट स्टेला नियो एमसीबी में सुरक्षा और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए उन्नत फीचर्स शामिल हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हिमटेक 2024 में विशेष उपयोग वाली मशहूर हिलक्स का किया प्रदर्शन

**रांची :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हिमटेक 2024 संगोष्ठी में विशेष उपयोग वाली हिलक्स का प्रदर्शन किया। यह एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित मॉडल है। हिमटेक 2024 का आयोजन भारतीय सेना ने फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के साथ मिलकर किया है। 'रक्षा आत्मनिर्भरता' के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए और रक्षा बलों को उपलब्ध सर्वोत्तम उपकरणों और समाधानों तक पहुँच प्रदान करने के लिए इन दोनों संगठनों (भारतीय सेना और फिक्की) ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों (एचएए) के लिए सैन्य प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए 'हिमटेक 2024' के लिए सहयोग किया है। 20 और 21 सितंबर 2024 को लेह, लद्दाख के रिनचेन ऑडिटोरियम ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में सेना कमान, वायु सेना, आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा उपयोगकर्ता और टीकेएम के प्रतिनिधियों के साथ अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।टोयोटा के मशहूर क्यूडीआर (गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता) द्वारा संचालित, यह 4X4 ऑल-टेरेन, ऑफ-रोड वाहन सबसे अधिक मांग वाले माहौल में काम करने के लिए खासतौर से इंजीनियर किया गया है। यह इसे विशिष्ट आवश्यकताओं वाले विविध ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प बनाता है, जिसमें भारतीय सेना के विशिष्ट उद्देश्य शामिल हैं जिन्हें अधिकृत बाहरी विक्रेता के समर्थन से संशोधित किया गया है।

# पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संयुक्त राज्य अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। वो वहां क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। उनका प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत का कार्यक्रम भी तय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने और संयुक्त राष्ट्र 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के लिए अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। इससे कुछ समय पहले विदेशमंत्री जयशंकर ने एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका के कार्यक्रम की सूचना साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में क्वाड शिखर सम्मेलन, सामुदायिक कार्यक्रम, भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के साथ अन्य द्विपक्षीय बैठकों सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अमेरिका से सूचना है कि इस समय न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड के नासाउ वेटरंस मेमोरियल कोलिजीयम में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय अमेरिका का यात्रा के दौरान 22 सितंबर को यहां प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगे।




### विलमिंगटन में हो रहा है क्वाड शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री मोदी विलमिंगटन (डेलावेयर) में छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने गृहनगर में कर रहे हैं। भारत 2025 में क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करेगा। क्वाड में चार देश आस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

### क्वाड में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

अमेरिका ने कहा कि वह क्वाड में भारत को अगुआ के रूप में देखता है और चार देशों के इस समूह में उसकी भूमिका के लिए आभार व्यक्त करता है। सम्मेलन में आस्ट्रेलिया और जापान के प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में वरिष्ठ निदेशक मीरा रैप-हूपर ने ने कहा, "जब भारत की अपेक्षित भूमिका की बात आती है तो हम क्वाड के भीतर उसे अगुआ के रूप में देखते हैं।"

### अगले साल भारत करेगा मेजबानी

क्वाड देशों के नेता बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भी चर्चा कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन क्वाड नेताओं से अलग-अलग द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। इस बार क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत को करनी थी। वाशिंगटन के आग्रह पर भारत अगले वर्ष सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

## रियासी में मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ी

**जम्मू।** रियासी जिले के शिकारी इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शनिवार को पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। शनिवार को भी सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। माना जा रहा है कि तीन से चार आतंकी इलाके में छिपे हुए हैं जिनकी धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।

## सोनीपत पुलिस ने जींद में भाजपा प्रत्याशी के चालक से पकड़े 50 लाख, नहीं दे पाया हिसाब

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने बीती रात नाकाबंदी के दौरान एक कार से 50 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद 50 हजार रुपए से अधिक की नकदी बिना प्रमाण के ले जाने पर प्रतिबंध है। पुलिस ने कार से 500-500 रुपए के नोटों की 20 गड्डियां बरामद कीं, जिनमें प्रत्येक गड्डी में 500 नोट थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार जींद से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक कृष्ण मिड्ढा का चालक चला रहा था। कार का असली मालिक कौन है इसकी अभी जांच की जा रही है। जांच टीम ने नकदी ट्रेजरी में जमा कर दी है। यह पहली बार है जब आचार संहिता लागू होने के बाद इतनी बड़ी मात्रा में नकद जब्त की गई है। आशांका जताई जा रही है कि इस पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया जाना था। पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान गोहाना बाईपास पर एक कार को रोका। जांच के दौरान कार में 500-500 रुपए के नोटों से भरा बैग मिला। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दिलबाग सिंह और सिटी थाना के एएसआई बिजेंद्र ने कार की तलाशी ली, जिसमें 50 लाख रुपए की नकदी पाई गई। कार जींद नंबर की थी और इसमें सवार युवक ने दावा किया कि वह यह नकदी नोएडा से लेकर आया है और इसे प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए इस्तेमाल करना था। वह नकदी के स्रोत के कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने नकदी जब्त कर ट्रेजरी में जमा कर दी और मामले की जानकारी आयकर विभाग को दी गई है। पुलिस एएसआई बिजेंद्र के मुताबिक वह गोहाना बाइपास चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। एक कार को रोका तो इसमें सवार युवक तलाशी के नाम पर उनको टालने लगा। उनको शक हुआ और ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया गया। कार में से नोटों से भरा बैग बरामद हुआ है।

## राहुल गांधी के विरुद्ध धारा 152 के तहत हुई एफआईआर

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान से आहत होकर वाराणसी में अधिवक्ता एवं भाजपा पदाधिकारी अशोक कुमार ने सिगरा थाना में तहरीर दी। अशोक कुमार के तहरीर पर राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत मुकदमा पंजीकृत हो गया है। वाराणसी में भाजपा के महानगर पदाधिकारी एवं अधिवक्ता अशोक कुमार ने कहा कि राहुल गांधी का बयान जानबूझकर सिख समुदाय को उत्तेजित ?करने, विद्रोह के लिए प्रेरित करने वाला था। साथ ही भारत देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात राहुल गांधी ने कहकर देश के तमाम दलित पिछड़े समुदाय के व्यक्तियों की भावनाओं को आहत किया है। दलित समुदाय को उकसाने का भी काम राहुल ने किया है। भाजपा पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि राहुल गांधी जो कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, वह अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान भावनाओं को चोटिल करने का काम करते हुए तमाम न्यूज चैनलों पर दिखाये पड़े है। राहुल गांधी के बयान से आहत होकर ही उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा रहा हूं। बता दें कि अमेरिका में राहुल गांधी के बयान से आहत होकर सिख समुदाय के लोग पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे है। इस दौरान वाराणसी में राहुल गांधी के विरुद्ध पहली एफआईआर दर्ज की गयी है। अधिवक्ता अशोक कुमार वाराणसी के थाना चेतगंज के अंतर्गत रंगीया महाल के निवासी है।

## हर्बल चिकित्सा पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से भोपाल में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आज (शनिवार) से हर्बल चिकित्सा पद्धित पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रारंभ हो रहा है। इसका विषय 'प्री लोकमंथन: गैर-संहिताबद्ध हर्बल चिकित्सा प्रणाली-संरक्षण, प्रचार और कार्ययोजनाऱ है। इसका उद्देश्य हर्बल उपचार की मौखिक परंपरा पर प्रकाश डालना और इनको सुरक्षित रखने के तरीकों की चर्चा करना है। इसमें पद्म पुरस्कर विजेताओं सहित विषय विशेषज्ञ हर्बल चिकित्सा के भविष्य पर अपने विचार रखेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी अवनीश सोमकुवर ने बताया कि यह भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), प्रज्ञा प्रवाह, दत्तोपंत थेंगडी अनुसंधान संस्थान, एंथ्रोपोस इंडिया फाउंडेशन और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा संयुक्त आयोजन है।

## श्रीलंका के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति हो रही है वोटिंग, कल आएगा जनादेश

एजेंसी

**कोलंबो ।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हो गई। साल 2022 के सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है। इस चुनाव में लगभग एक करोड़ 70 लाख लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए समूचे देश में 13,400 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आर्थिक मंदी के दौरान श्रीलंका की सरकार को जनता के गुस्सा सामना करना पड़ा था। राष्ट्रपति चुनाव 38 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्?य मुकाबला मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघ, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा और वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच है। मतदाता शाम पांच बजे तक अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव परिणाम रविवार को घोषित किया जाएगा। 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था। आर्थिक मंदी के दौरान विरोध प्रदर्शन के बाद उनके पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा था। बाद में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।




## केदारनाथ धाम पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त यात्रियों से अपील-जहां हैं, वहीं सुरक्षित रहें

एजेंसी

**केदारनाथ।** गौरीकुण्ड-केदारनाथ धाम तक जाने वाला पैदल मार्ग जंगल के पास भू-धंसाव के चलते क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस प्रशासन ने यात्रियों से फिलहाल वे जहां भी हैं, वहीं धैर्य के साथ रुके रहने की अपील की है। केदारनाथ से जंगल चट्टी आ रहे यात्रियों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला जा रहा है। मौके पर स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ की टीमें यात्रियों को निकाल रही है। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त सूचना के अनुसार शनिवार प्रातः 03:10 बजे केदारनाथ पैदल मार्ग पर गौरीकुंड और जंगलचट्टी के बीच जंगलचट्टी से 01 किमी. पीछे गौरीकुण्ड की तरफ भू-धंसाव के कारण रास्ता टूट गया। जिसमें कोई भी जनहानि नहीं हुई है। उक्त स्थान पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ की टीमों की ओर से वैकल्पिक मार्ग बना दिया गया है। बताया जा रहा है कि लगभग 2500 यात्रियों को भैरव मंदिर के समीप रोका गया था, जिन्हें निकालने की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में यात्रा को शुरू कर दिया गया है।



## दुर्ग जिले में स्वाइन फ्लू से सातवीं मौत

**दुर्ग/रायपुर, ।** दुर्ग जिले में जिले के ढौर गांव की रहने वाली 32 साल की महिला की शुक्रवार शाम को स्वाइन फ्लू से मौत हो गई।शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में पिछले कई दिनों से महिला का इलाज चल रहा था। जिले में स्वाइन फ्लू से यह 7वीं मौत है।अब तक 36 स्वाइन फ्लू के मरीज मिल चुके हैं जिसमें उपचार के बाद 23 स्वस्थ हो चुके हैं । दुर्ग में स्वाइन फ्लू के 6 और मरीज रायपुर और दुर्ग के अस्पतालों में भर्ती है। इनमें 2 मरीज रायपुर के एम्स अस्पताल में और एक-एक दुर्ग के सेक्टर-9, शंकराचार्य, बीएम शाह और पल्स अस्पताल में भर्ती हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मुताबिक स्वाइन फ्लू से पीड़ित महिला फेफड़े और शरीर में अन्य जगह सिस्ट अर्थात गांठ बनने की बीमारी से पीड़ित थी।इसी परेशानी के कारण घर वालों ने उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। गले में खराश के साथ सांस लेने में तकलीफ बढ़ने पर डॉक्टर ने स्वाइन फ्लू की जांच कराई, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई। शुक्रवार को इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

# आरजी कर पीड़िता ने दवाओं की खराब गुणवत्ता को लेकर संदीप से की थी शिकायतें, सहपाठियों ने किया था सचेत

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले की जांच जारी है। वारदात को लेकर 43 दिनों तक विरोध प्रदर्शन के बाद जूनियर डॉक्टर आज शनिवार से इमरजेंसी सेवाओं में काम पर लौट आए हैं। इस बीच सीबीआई जांच में पता चला है कि पीड़िता ने अस्पताल में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर प्रिंसिपल संदीप घोष से शिकायतें की थी। इसके बाद उसके सहकर्मियों ने उसे सचेत किया था लेकिन फिर भी वह भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठा रही थी। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या इसी वजह से उसे मौत के घाट उतारा गया? हालांकि केंद्रीय एजेंसी ने इस बारे में फिलहाल विस्तार से नहीं बताया है।

डॉक्टरों का कहना था कि सर्जरी के बाद दी जा रही एंटीबायोटिक दवाइयां प्रभावी नहीं हो रहीं, जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा पैदा हो रहा है। कुछ मामलों में तो ऑपरेशन सफल होने के बावजूद मरीजों की जान चली गई। शिकायतों के बावजूद, इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

चिकित्सकों का कहना है कि सर्जरी के बाद दी जा रही एंटीबायोटिक दवाइयां अपना काम नहीं कर रही हैं। एक शल्य चिकित्सक ने कहा, 'बहुत से मामलों में, घाव साफ करने वाला तरल पदार्थ सिर्फ रंगीन पानी जैसा होता है, जो संक्रमण को कम करने के बजाय बढ़ा देता है। ऐसे कई मरीजों को हमने खो दिया, जो ऑपरेशन के बाद ठीक हो सकते थे।' बच्चों के इलाज में भी दवाइयों की प्रभावशीलता को लेकर शिकायतें आई हैं। बच्चों के विभाग के कुछ चिकित्सकों ने भी अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया था कि कई बच्चों को दवाइयों के असर न करने के कारण नहीं बचाया जा सका है। लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



### स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, इस घोटाले में करोड़ों रुपये की हेराफेरी शामिल है। यह घोटाला वर्षों से चला आ रहा है, जिसके चलते आम जनता का जीवन संकट में पड़ा है। चिकित्सकों का मानना है कि सरकार द्वारा खरीदी गई दवाइयां घटिया गुणवत्ता की होती हैं, जो कि सेंट्रल मेडिकल स्टोर्स (सीएमएस) के जरिए खरीदी जाती हैं। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में भी भारी भ्रष्टाचार होता है, जिसके चलते असक्षम कंपनियां ठेका हासिल कर लेती हैं। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम का कहना है कि जब भी दवाइयों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आती हैं, तो उनकी जांच कराई जाती है। उनके अनुसार, राज्य ड्रग कंट्रोल लैब और कुछ एनएबीएल स्वीकृत लैब्स के जरिए दवाइयों की जांच की जाती है। हालांकि, अभी तक अधिकांश जांच रिपोर्ट्स में कोई बड़ी खामी सामने नहीं आई है।

### क्या है नियम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के निर्देशों के अनुसार, हर मेडिकल कॉलेज में एक फामाकों-वीजिलेंस समिति होनी चाहिए, जिसका काम दवाइयों के प्रभाव और उनके दुष्प्रभावों की निगरानी करना है। हालांकि, ऐसी किसी समिति की सक्रियता अस्पतालों में दिखाई नहीं दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सदर अस्पताल परिसर में पुलिस पिकेट खोला जाए : त्रिशानु राय

**चाईबासा :** सदर अस्पताल, चाईबासा परिसर में पुलिस पिकेट बनाने की मांग पश्चिम सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य त्रिशानु राय ने की है। उन्होंने इस संबंध में शुक्रवार को पिल्लई हॉल चाईबासा में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस उप- महानिरीक्षक सिंहभूम (कोल्हान) को पत्र सौंपा है। त्रिशानु राय ने पत्र में कहा कि सदर अस्पताल चाईबासा पूरे पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए संजीवनी है। सदर अस्पताल चाईबासा में इलाजरत मरीज के परिजनों, कर्मी और आवागमन करने वाले लोगों का वाहन साइकिल तथा मोटरसाइकिल चोरी हो रही है।

वाहन चोरी होने की स्थिति में स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस पिकेट खुलने से सदर अस्पताल, चाईबासा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी और कर्मी भी अपने आप को सहज महसूस करेंगे। त्रिशानु ने कहा कि सदर अस्पताल, चाईबासा परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस पिकेट खोलने की आवश्यकता है। त्रिशानु राय ने पत्र की प्रतिलिपि पश्चिम सिंहभूम जिले के डीसी और एसपी को भी प्रेषित किया है।

### सड़क बनते ही लोगों ने कर दी दुर्दशा



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर मुख्य मार्ग से पुरानी बस्ती स्थित छठ घाट तक सड़क की स्थिति और दुर्दशा को दुर करने के लिए विधायक सुखराम के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। इस प्रकरण पर सबसे हैरत की बात यह है कि वर्षों तक सड़क निर्माण की मांग विधायक का आकृष्ट कराते रहे ध्यान। इस सड़क निर्माण के शिलान्यास के कुछ समय पश्चात कल से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। वर्षों तक सड़क निर्माण के लिए लोग रूके रहे किन्तु कल सड़क ढलाई के कुछ घंटे बाद ही इस सड़क पर आवागमन किया और इस सड़क की दुर्दशा कर डाली जिससे लोग यह कहने पर विवश हुए कि वक्त-वक्त की बात है कि कभी सड़क निर्माण की थी आस और जब आस हो रहा है पूर्ण तो चंद घंटे भी नहीं रहे हैं रूक और इसपर चलकर इसका बदल रहे हैं स्वरूप।

### महिला ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज /बरहरवा:** कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमोहल्ला निवासी चंपा देवी 30 वर्ष पति-राजेश भगत ने अपनी डिब्बा,झाड़ू,रस्सी इत्यादि की दुकान के अंदर लगभग 11:30 एएम बजे रस्सी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार घटनास्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी । जानकारी के अनुसार पुलिस जब घटनास्थल पर पहुँची मृतक महिला जमीन पर चित अवस्था में पाई गई एवं गले पर प्लास्टिक के रस्सी का निशान भी पाया गया है ,मामले को लेकर कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिवत पोस्मार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन की जा रही है,वहीं मृतिका के परिजन एवं आस पास के ग्रामीणों ने बताया की मृत महिला दिमागी रूप से विछिप्त होने के कारण खुद से फाँसी लगाकर अपनी ईह लीला समाप्त कर ली है।

### सेल, गुवा ने चार सीएसआर गांवों को 210 मच्छरदानी दिये

**सरायकेला :** सेल, गुवा खदान प्रबंधन ने अपने परिधिय गांव जोजोगुटु, राजाबेड़ा, बाईहातु एवं तितलीघाट गांव के ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी उपलब्ध कराया। चारों गांवों के मुंडाओं ने गुवा प्रबंधन से मच्छरदानी प्राप्त कर अपने-अपने गांवों के जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी का वितरण शुरू किया। जोजोगुटु के मुंडा कानुराम देवगम ने बताया कि गुवा प्रबंधन की तरफ से जोजोगुटु एवं राजाबेड़ा गांव को 55-55 तथा बाईहातु व तितलीघाट गांव के लिये 50-50 मच्छरदानी उपलब्ध कराया गया है, जिसे वितरित किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री ने भूगर्भ वैज्ञानिकों से मंडरो फॉसिल्स पर की चर्चा



**गोड्डा:** गोड्डा में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भूगर्भ वैज्ञानिकों का जुटान हुआ. साथ ही कोयला व खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए. इस दौरान झारखंड का एकमात्र फॉसिल्स पार्क में स्वच्छता लाने पर जोर दिया गया. साथ ही लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने को लेकर केंद्र सरकार के कोयला व खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के समक्ष चर्चा हुई.

इस मौके पर मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि हमारे भूगर्भ वैज्ञानिक लगातार मेहनत कर 150 से लेकर दो सौ मिलियन पुराने फॉसिल्स को संरक्षित कर रही है. केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद स्वच्छता पर विशेष तौर से काम हो रहा है. वहीं, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव ने कहा कि झारखंड के दो स्थान दूधिनाला और मंडरो फॉसिल्स पार्क ऐसे धरोहर है, जिसे सहेजने और संरक्षित करने की विशेष दरकार हैं.

इसके लिए केंद्र सरकार के निर्देशन में जियोलॉजिकल सर्वे इंडिया काम कर रही हैं. लेकिन चार पांच ऐसे और स्थान हैं, जो बहुत उपयोगी है, जिसका हम विकास कर सकते हैं, जो कि पर्यटन के साथ-साथ भू-पर्यटन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित कर सकें. इस कार्यक्रम के दौरान भूगर्भ वैज्ञानिकों ने भी अपने-अपने विचार रखे और खनिजों को लेकर चर्चा की. वैज्ञानिकों ने भारतीय राष्ट्रीय सीमा में जीएसआई ने किन खनिज की खोज की और किन चीजों की खोज की प्रक्रिया चल रही हैं, इसके बारे में भी जानकारी साझा की.

# कोटालपोखर संकुल संघ का वार्षिक आमसभा का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश बरहरवा प्रखण्ड के अंतर्गत कोटालपोखर संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड के सखी मंडल की दीदियों के द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन शुक्रवार को कोटालपोखर पंचायत भवन में किया गया। इस वार्षिक आमसभा में कोटालपोखर पथरिया, पलासबोना, म्यूरकोला तथा बड़ा सोनाकर पंचायत के ग्राम संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संकुल संघ के अध्यक्ष बेली कुमारी के द्वारा संकुल संघ का विस्तृत जानकारी, वार्षिक आय-व्यय व मुनाफे का लेखा-जोखा का पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया गया। वहीं इस वित्तिय वर्ष में किये जाने वाले कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही साथ संकुल संघ के सक्रिय महिलाओ के द्वारा अपने सफलता की कहानी भी सभी के समक्ष रखा गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडरों को सम्मानित भी किया गया।

मौके पर उपस्थित *प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मो फैज आलम* के द्वारा जेएसएलपीएस के द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया एवं दीदियों को सखी मंडल और ग्राम संगठन का नियमित बैठक करना तथा महिलाओ को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी दी गई साथ ही साथ छुटे हुए ग्रामीण महिलाओ को सखी मंडल से जुड़ने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।मौके पर जिले से आये हुए जिला एमआईएस ऑफिसर रवि शंकर ने लोकोस ऐप पे विस्तारपूर्वक तकनीकी जानकारी सभी दीदियों को दी गयी तथा खाता बही संधारण करने के लिए जागरूक किया गया।एसबीआई कोटालपोखर के शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार के द्वारा महिलाओं को बैंक के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर जानकारी दिया गया।जिला परिषद के सदस्य प्रकाश टोप्पो* के द्वारा सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरिफिना मुर्मू के द्वारा सभी महिलाओं को महिला सशक्तीकरण तथा आत्मनिर्भर करने के लिए जागरूक किया गया।उमंग परियोजना के जिला कोऑर्डिनेटर राहुल यादव के द्वारा उमंग परियोजना पे विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी के समक्ष रखी गयी।इस आम सभा में बीएपी पवन कुमारसामुदायिक समन्वयक सेराजुल शेख एवं दुलड मरांडी तथा पीआरपी सुशीला मुर्मू सहित सैकड़ों सखी मंडल की महिलाये उपस्थित थी।




टीवीएस शॉ रूम के संचालक विकास साह ने कही अनोखी बात

# चार हजार टीवीएस उपभोक्ता और क्रेता हमारे ग्राहक नहीं परिजन हैं

ज्योति पाठक

दो पहिये वाहन के क्षेत्र में अपना दमदार और शानदार पहचान रखने वाला टीवीएस शॉ रूम में कल दो नये वाहन की लॉचिंग के समय झारखण्ड के एरिया मैनेजर अनुराग सिंह एवं टेरेटेरी मैनेजर अभिमन्यु सिकारवर के उपस्थिति में आयोजित वृहत कार्यक्रम में स्थानीय थाना रोड में संचालित साह मोटर्स के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में युवा व्यवसायी एवं ग्यारह वर्षों में टीवीएस दोपहिये वाहन को बेहतर स्थिति में लाने और खरीददारों को बेहतर सेवा देकर अपनी दमदार और शानदार प्रदर्शन से श्री साह ने यह साबित किया कि बेहतर सेल एवं सर्विस का मूल मंत्र क्रेताओं के विश्वास पर खरा उतरना है। श्री साह ने उपस्थित लोगों के समक्ष यह कहकर क्रेताओं और टीवीएस दोपहिये वाहन के खरीददार को विश्वास दिलाने में सफल रहें कि टीवीएस की बेहतर सेवा ही सबसे बड़ी विशेषता है। वहीं श्री साह ने यह बात कहकर टीवीएस उपभोक्ताओं को काफी अपनापन और स्नेह का बोध कराया कि चार हजार से अधिक टीवीएस के जो उपभोक्तागण कस्टमर नहीं बल्कि टीवीएस के पारिवारिक सदस्यगण हैं और बेहतर सेवा देने के लिए टीवीएस कटिबद्ध है तथा सुबह नौ बजे से रात्रि आठ बजे तक टीवीएस के क्रेता और उपभोक्ता उनके उनसे संपर्क नं0 पर जानकारी का आदान-प्रदान भी कर सकते हैं। श्री साह के उपलब्धि बेहतर व्यवहार से टीवीएस की बेहतर साख से राँची से आये दोनों प्रबंधक काफी प्रभावित हुए और कहा कि ऐसे व्यवसायी और संचालक से झारखण्ड में टीवीएस अपना बेहतर पहचान और विश्वास हासिल किया है।



### त्रिपक्षीय वार्ता विफल होने के बाद नाराज चालकों ने किया प्रदर्शन

**ओम लॉजिस्टिक के अधीन 31 चालक कई वर्षों से कार्यरत थे लेकिन उन्हें बिना सूचना के बैठा दिया गया**

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की ठेका कंपनी ओम लॉजिस्टिक के अधीन कार्यरत चालकों के मामले में शुक्रवार को त्रिपक्षीय वार्ता विफल रही। जिसके खिलाफ चालकों ने डीएलसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। चालकों ने कंपनी पर हकमारी का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ के महामंत्री राजीव पांडेय ने बताया कि ओम लॉजिस्टिक के अधीन 31 चालक कई वर्षों से कार्यरत थे। लेकिन उन्हें बिना सूचना के बैठा दिया गया। इस मामले में शुक्रवार को डीएलसी कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता निर्धारित थी। बैठक में कंपनी के प्रतिनिधि आए। लेकिन चालकों का हक देने से साफ इंकार कर दिया। जिसके कारण चालक नाराज होकर बाहर निकल गए। चालकों ने कंपनी प्रबंधन को एक सप्ताह की मोहलत दी। जिसके बाद डीएलसी ने मामले में अगली बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की।

#### फाइनल सेटलमेंट के भुगतान की मांग

चालकों की मांग है कि उन्हें हटाए जाने के बाद कंपनी फाइनल सेटलमेंट का भुगतान करें। इसके तहत कंपनी में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र, ओवरटाइम बेनिफीट, ग्रेच्यूटी समेत अन्य भुगतान जल्द से जल्द करे। चालकों ने बताया कि उनकी नियुक्ति के समय कार्य अवधि का निर्धारण 12 घंटे किया गया है। लेकिन ज्यादा समय तक काम लिया जाता था। विरोध करने पर 31 चालकों को काम से बैठा दिया गया। जिसके खिलाफ डीएलसी में शिकायत दर्ज करायी गई है।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक की बैठक में प्रदीप बलमुचू को प्रत्याशी बनाने की मांग

**इसके अलावा अन्य दो प्रत्याशियों का नाम जिसमें जोसाई मार्डी एवं बैद्यनाथ सोरेन के नाम प्रस्तावित किया है**

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** विभूति मंच परिसर में शुक्रवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सत्यजीत सीट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यालय से प्रखंड प्रभारी सह पर्यवेक्षक राजकिशोर प्रसाद तथा ओबीसी मोर्चा के सुमन कुमार सिंह शामिल थे। उन्होंने प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं से घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के संबंध में जानकारी ली। घाटशिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कॉल्टु चक्रवर्ती ने कहा कि इंडी गठबंधन के सबसे सशक्त एवं मजबूत प्रत्याशी के रूप में डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा अन्य दो प्रत्याशियों का नाम कार्यकर्ताओं ने रखा है जिसमें जोसाई मार्डी एवं बैद्यनाथ सोरेन के नाम प्रस्तावित किया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव राज्य में गठबंधन के साथ ही लड़ा जाएगा। परंतु कुछ सीटों पर कांग्रेस पार्टी की दावेदारी होनी चाहिए। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र शुरू से कांग्रेस का रहा है। डॉ। प्रदीप कुमार बालमुचू यहां से लगातार तीन बार विधायक रह चुके हैं इसलिए गठबंधन का प्रत्याशी डॉ बालमुचू को ही बनाया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से शमशाद खान, मोहन मोहंती, ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सत्यजीत कुंडू, बादल गिरी, प्रकाश राय सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा टीवीएस के एरिया मैनेजर और प्रख्यात व्यवसायी के हाथों हुए सम्मानित

मेट्रो रेज संवाददाता

वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा को कल टीवीएस शॉ रूम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान टीवीएस कम्पनी के एरिया मैनेजर अनुराग सिंह एवं प्रख्यात व्यवसायी शंकर साह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एरिया मैनेजर श्री सिंह ने कहा कि बिनय मिश्रा टीवीएस के पुराने उपभोक्ता हैं और साह मोटर्स के चक्रधरपुर में खुलने के पश्चात टीवीएस 125 फोनिक्स दोपहिया वाहन चला रहे हैं और आज भी इस दोपहिये वाहन के बेहतर रख रखाव तथा समुचित देखभाल के कारण यह दोपहिया वाहन आज भी ग्यारह वर्षों के पश्चात भी काफी बेहतर स्थिति में है। इस दोपहिये वाहन को देखकर यह कदापि नहीं लगता कि इसे ग्यारह वर्ष पूर्व लिया गया है। यह समुचित रख-रखाव और देखभाल का ही सुदृढ़ परिणाम है। इस अवसर पर वीएम न्यूज के संपादक बिनय मिश्रा ने कहा कि टीवीएस दोपहिये वाहन के प्रति इनका प्रारंभकाल से ही लगाव और विश्वास बना हुआ है। मोटरसाईकिल के पश्चात मैंने जूपिटर स्कूटी भी 2017 में इस प्रतिष्ठान से लिया और यह दोपहिया वाहन भी आजतक काफी बेहतर स्थिति में है। बेहतर माईलेज, टिकाऊ वाहन के रूप में टीवीएस ने उन्हें काफी आराम दी है और इसी का यह परिणाम है कि वे टीवीएस के फैन भी हैं। जब महानायक अमिताभ बच्चन ने टीवीएस जुपिटर का प्रचार किया तब उन्होंने चक्रधरपुर में पहला उपभोक्ता होने का भी गौरव हासिल किया है। इस प्रकार से उनका मानना है कि टीवीएस दोपहिया वाहन की है सशक्त पहचान और शान। वहीं टीवीएस शॉरूम के संचालक विकास साह ने भी बताया कि आज भी इनकी दोनों वाहन काफी बेहतर स्थिति में है और इन दोनों वाहन का समुचित समय-समय पर देखभाल का दायित्व टीवीएस शॉरूम के द्वारा संपादित किया जाता है क्योंकि हमारा विश्वास और टीवीएस क्रेताओं की आस ही हमारा विश्वास की महत्वपूर्ण कड़ी है।



## साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार अपराधी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**जामताड़ा:** साइबर अपराध के मामले में चर्चित जामताड़ा में साइबर अपराधी नए तकनीक अपनाकर साइबर अपराध को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। अब तक साइबर अपराधी बैंक अधिकारी बनकर फर्जी मैसेज भेजकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे, लेकिन जैसे-जैसे लोग जागरूक हो रहे हैं, अपराधी अपना तरीका भी बदलने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला साइबर थाना की पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को पकड़ने के बाद पदार्फाश किया है, जो नए तकनीक के जरिए साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे। इनमें से दो अपराधी सगे भाई है। पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल, 14 सिम, एक एटीएम कार्ड, चार पासबुक, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किए गए हैं।



बताया जाता है कि पकड़े गए साइबर अपराधी यूट्यूब में कस्टमर केयर का वीडियो प्ले कर स्क्रीन शेयरिंग कर लेते थे और कस्टमर को मैसेज कर कॉल के जरिए उनसे ओटीपी और सारी जानकारी प्राप्त कर लेते थे। अलग-अलग ई-वॉलेट के माध्यम से उनका पैसा उड़ा लेते थे। पकड़े गए साइबर अपराधी अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं, पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। साथ ही साइबर अपराधियों के पास से जब्त मोबाइल से भी सबूत खंगालने का काम कर रही है।

क्या कहते हैं साइबर थाना प्रभारी

जामताड़ा साइबर थाना प्रभारी अब्दुल रहमान ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधियों के खिलाफ नारायणपुर और करमॉचाड थाना क्षेत्र के विभिन्न साइबर अड्डों पर छापेमारी की गई। इस दौरान चार साइबर अपराधियों को पकड़ा गया, जो नई तकनीक, यूट्यूब के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधियों में से दो सगे भाई हैं। पकड़े गए चारों साइबर अपराधी के खिलाफ साइबर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।